२५ से अधिक व्यापार मेलों और उद्योग विशिष्ट प्रदर्शनियों की कला में महारत हासिल की है, जिसमें कपड़ा, रत्न और आभूषण, हथकरघा और हस्तशिल्प, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और भारी उद्योग जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है और महिला उद्यमियों द्वारा उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाता है।

प्रदर्शनियों को विश्वस्तरीय बनाने और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को आमंत्रित करने के लिए 'सूरत अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर' कार्यरत है, जो १३ हेक्टेयर भूमि में फैला है और इसमें १,१६,००० वर्ग फुट का पूरी तरह से वातानुकूलित स्तंभ रहित गुंबद है।

व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए, विभिन्न सेमिनार, कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सदस्यों और जनता के बीच ज्ञान और जानकारी साझा करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

सरकार की विभिन्न पहलुओं को लागू करने के माध्यम से दक्षिणी गुजरात क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सूरत में विनिर्माण का एक मजबूत आधार है और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी के साथ राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में बड़े पैमाने पर योगदान दे रहा है।

दुनिया भर में 'ब्रांड सूरत' को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो जबरदस्त औद्योगिक विकास की दहलीज पर है। दक्षिण गुजरात के लोग सीमाओं की बाधाओं से परे व्यापार में उद्यम करने के लिए बहुत ही उद्यमी और साधन संपन्न हैं, दुनिया के अन्य हिस्सों में भी निवेश के अवसर तलाशने के लिए भी तत्पर है।

प्रमुख उद्देश्य:

दक्षिणी गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा विश्व स्तरीय चैंबर ऑफ कॉमर्स बनने का प्रयास:

- सरकार के विभिन्न स्तरों पर व्यापार और उद्योग के विचारों का प्रतिनिधित्व करना
- नेटवर्किंग वैश्विक व्यापार और वाणिज्य सदस्यों को लाभान्वित करने के लिए। विश्वस्तर के मानकों को पूरा करने वाले व्यापार और उद्योग में गुणवत्ता प्रणालियों को बढ़ावा देना।
- लिंकेज के माध्यम से व्यापार और उद्योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना।
- उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तियों और कंपनियों के लिए मान्यता योजनाएं स्थापित करना।
- विभिन्न सेमिनारों, सम्मेलनों और कार्यशालाओं के माध्यम से व्यापार और उद्योग में तकनीकी जानकारी को उन्नत करना।

देश की शान, हिंदी है महान-बिजय कुमार जैन

लोग एक-दूसरे को तिल गुड़ देते हैं और देते समय बोलते हैं-'तिळ गूळ घ्या आणि गोड-गोड बोला'' अर्थात तिल गुड़ लो और मीठा-मीठा बोलो, इस दिन महिलाएँ आपस में तिल, गुड़, रोली और हल्दी बाँटती हैं।

मकर संक्रान्ति हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है। मकर संक्रान्ति पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। पौष मास में जब सूर्य मकर राशि पर आता है तभी इस पर्व को मनाया जाता है। यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है क्योंकि इसी दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। 'मकर संक्रान्ति' के दिन से ही सूर्य की उत्तरायण गति भी प्रारम्भ होती है इसलिये इस पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायणी भी कहते हैं। तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रुप में मनाते हैं जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं।

मकर संक्रान्ति के विविध रूप

यह भारत तथा नेपाल के सभी प्रान्तों में अलग-अलग नाम व भाँति-भाँति के रीति-रिवाजों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। राजस्थान में इस पर्व पर सुहागन महिलाएँ अपनी सास को वायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं, साथ ही महिलाएँ किसी भी सौभाग्यसूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर चौदह ब्राह्मणों को दान देती हैं, इस प्रकार 'मकर संक्रान्ति' के माध्यम से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की झलक विविध रुपों में दिखती है।

महाराष्ट्र में इस दिन सभी विवाहित महिलाएँ अपनी पहली संक्रान्ति पर कपास, तेल व नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल-गूड़ नामक हलवे के बाँटने की प्रथा भी है। लोग एक-दूसरे को तिल गुड़ देते हैं और देते समय बोलते हैं - 'तिळ गूळ घ्या आणि गोड-गोड बोला'' अर्थात तिल गुड़ लो और मीठा-मीठा बोलो, इस दिन महिलाएँ आपस में तिल, गुड़, रोली और हल्दी बाँटती हैं।

मकर संक्रान्ति का महत्व - शास्त्रों के अनुसार दक्षिणायण को देवताओं की रात्रि अर्थात् नकारात्मकता का प्रतीक तथा उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात् सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है, इसीलिए इस दिन जप-तप, दान स्नान, श्राद्ध, तर्पण आदि धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है, ऐसी धारणा है कि इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुन: प्राप्त होता है, इस दिन शुद्ध घी एवं कम्बल का दान मोक्ष की प्राप्ति करवाता है, जैसा कि निम्न श्लोक से स्पष्ठ होता है -

माघे मासे महादेव : यो दास्यति घृतकम्बलम
स भुक्त्वा सकलान भोगान अन्ते मोक्षं प्राप्यति

मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। सामान्यत: सूर्य तभी राशियों को **शेष पृष्ठ २२ पर...**

पृष्ठ २१ से... प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है, यह प्रवेश अथवा संक्रमण क्रिया छ:-छ: माह के अन्तराल पर होती है। भारत विश्व के उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। मकर संक्रान्ति से पहले सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में होता है अर्थात् भारत से अपेक्षाकृत अधिक दूर होता है, इसी कारण यहाँ पर रातें बड़ी एवं दिन छोटे होते हैं तथा सर्दी का मौसम होता है किन्तु मकर संक्रान्ति से सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध की ओर आना शुरु जाता है, अतएव इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा गरमी का मौसम शुरु हो जाता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश अधिक होगा तथा रात्रि छोटी होने से अन्धकार कम होगा, अत: मकर संक्रान्ति पर सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना जाता है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चेतनता एवं कार्य शक्ति में वृद्धि होगी, ऐसा जानकर सम्पूर्ण भारतवर्ष में लोगों द्वारा विविध रुपों में सूर्यदेव की उपासना, आराधना एवं पूजन कर, उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की जाती है, सामान्यत: भारतीय पंचांग पद्धति की समस्त तिथियाँ चन्द्रमा की गति को आधार मानकर निर्धारित की जाती हैं, किन्तु 'मकर संक्रान्ति' को सूर्य की गति से निर्धारित किया जाता है, इसी कारण यह पर्व प्रतिवर्ष १४ जनवरी को ही पड़ता है।

स्नान का महत्व

कहा जाता है कि 'मकर संक्रांति' के दिन गंगा स्नान करने पर सभी कष्टों का निवारण हो जाता है इसलिए इस दिन दान, तप, जप का विशेष महत्व है, ऐसी मान्यता है कि इस दिन को दिया गया दान विशेष फल देने वाला होता है।

मकर संक्रांति : एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण

भारत पर्वों एवं त्योहारों का देश है, यहाँ कोई भी महीना ऐसा नहीं है, जिसमें कोई न कोई त्यौहार न पड़ता हो, इसीलिए अपने देश में यह उक्ति प्रसिद्ध है कि 'सदा दीवाली साल भर, सातों दिन त्यौहार' इन्हीं त्यौहारों में मकर संक्रांति भी है, जिसकी अपनी एक अलग ही विशेषता है एवं वैज्ञानिक आधार है। हमलोगों में से बहुत कम लोग जानते हैं कि मकर संक्रांति का पर्व क्यों मनाया जाता है और वह भी प्रतिवर्ष १४ जनवरी को ही क्यों? हम जानते हैं कि ग्रहों एवं नक्षत्रों का प्रभाव हमारे जीवन पर पड़ता है, इन ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति आकाशमंडल में सदैव एक समान नहीं रहती है, हमारी पृथ्वी भी सदैव अपना स्थान बदलती रहती है। यहाँ स्थान परिवर्तन से तात्पर्य पृथ्वी का अपने पक्ष एवं कक्ष-पथ पर भ्रमण से है। पृथ्वी की गोलाकार आकृति एवं अक्ष पर भ्रमण के कारण दिन-रात होते हैं। पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सम्मुख पड़ता है वहाँ दिन होता है एवं जो भाग सूर्य के सम्मुख नहीं पड़ता, वहाँ रात होती है। पृथ्वी की यह गति दैनिक गति कहलाती है किंतु पृथ्वी की वार्षिक गति भी होती है और यह एक वर्ष में सूर्य की एक बार परिक्रमा करती है। पृथ्वी की इस वार्षिक गति के कारण इसके विभिन्न भागों में विभिन्न समयों पर विभिन्न ऋतुएँ होती है जिसे ऋतु परिवर्तन कहते हैं। पृथ्वी की इस वार्षिक गति के सहारे ही गणना करके वर्ष और मास आदि की गणना की जाती है, इस काल गणना में एक गणना 'अयन' के संबंध में भी की जाती है, इस क्रम में सूर्य की स्थिति भी उत्तरायण एवं दक्षिणायन होती रहती है, जब सूर्य की गति दक्षिण से उत्तर होती है तो उसे उत्तरायण एवं जब उत्तर से दक्षिण होती है तो उसे दक्षिणायण कहा जाता है।

संक्रमणकाल और मकर संक्रांति

इस प्रकार पूरा वर्ष उत्तरायण एवं दक्षिणायन दो भागों में बराबर-बराबर बँटा होता है, जिस राशि में सूर्य की कक्षा का परिवर्तन होता है, उसे संक्रमण काल कहा जाता है। चूँकि १४ जनवरी को ही सूर्य प्रतिवर्ष अपनी कक्षा परिवर्तित कर दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करता है, अत: 'मकर संक्रांति' प्रतिवर्ष १४ जनवरी को ही मनायी जाती है। चूँकि हमारी पृथ्वी का अधिकांश भाग भूमध्य रेखा के उत्तर में यानी उत्तरी गोलार्द्ध में ही आता है, अत: 'मकर संक्रांति' को ही विशेष महत्व दिया गया। भारतीय ज्योतिष पद्धति में मकर राशि का प्रतीक घड़ियाल को माना गया है जिसका सिर एक हिरण जैसा होता है, किंतु पाश्चात्य ज्योतिषी मकर राशि का प्रतीक बकरे को मानते हैं। हिंदू धर्म में मकर (घड़ियाल) को एक पवित्र पशु माना जाता है। चूँकि हिंदुओं में अधिकांश देवताओं का पदार्पण उत्तरी गोलार्द्ध में ही हुआ है, इसलिए सूर्य की उत्तरायण स्थिति को ये लोग शुभ मानते हैं। 'मकर संक्रांति' के दिन सूर्य की कक्षा में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर हुआ परिवर्तन माना जाता है। 'मकर संक्रांति' से दिन में वृद्धि होती है और रात का समय कम हो जाता है, इस प्रकार प्रकाश में वृद्धि होती है और अंधकार में कमी होती है। चूँकि सूर्य का स्त्रोत हैं, अत: इस दिन से दिन में वृद्धि हो जाती है, यही कारण है कि 'मकर संक्रांति' को पर्व के रुप में मनाने शेष पृष्ठ २३ पर...

सूरत जिला के ऐतिहासिक प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं

Kamal Kishor Dalal (Rathi)
Mob. :- 9426105758
Nilesh K. Dalal (Rathi)
Mob. :- 9825305759

Butter Choice®
Shri Niwas Fab
Mfrs. of : Exclusive Suit Dupattas
C-560, New Textile Market, Ring Road,
Surat, Gujarat, Bharat-395002

भारत को 'भारत' ही क्यों बोला जाए?

भारतीय संविधान के अनुच्छेद १ में दर्ज 'इंडिया दैट इज भारत' को बदलकर केवल भारत करने की मांग उठ रही है, इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण देश में एक मुहिम चल रही है जिसका नेतृत्व 'मैं भारत हूँ फाउंडेशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार बिजय कुमार जैन कर रहे हैं, इस हेतु एक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल की गई थी, याचिकाकर्ता की मांग थी कि 'इंडिया' यूनानी शब्द 'इंडिका' से आया है और इस नाम को हटाया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने माननीय न्यायालय से अपील की थी कि वो केन्द्र सरकार को निर्देश दे कि संविधान के अनुच्छेद-१ में संशोधन करके 'इंडिया' शब्द को हटाया जाए ताकि भारत को 'भारत' ही बोला जा सके।

भारत के मुख्य न्यायाधीश एस. ए. बोबड़े की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार करते हुए याचिका को रद्द कर दिया, किन्तु याचिका को एक प्रतिनिधित्व के रूप में केन्द्र सरकार को विचार हेतु भेज दिया, अब यह विचारणीय विषय केंद्र सरकार के पाले में है। भारतीय संस्कृति की गरिमा और राष्ट्रीय अस्मिता को दृष्टिगत रखते हुए संविधान के अनुच्छेद-१ में संशोधन करके 'इंडिया' शब्द को हटाकर देश का नाम केवल 'भारत' ही रखा जाना चाहिए।

भारत का नाम 'भारत' कैसे पड़ा? भारत को इंडिया कब और कैसे कहा जाने लगा? भारत को भारत के अतिरिक्त अन्य किन-किन नामों से पुकारा जाता था? भारत को 'भारत' ही क्यों बोला जाए? उपर्युक्त सभी उठाये जाने योग्य प्रश्नों का ऐतिहासिक और भारत की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में समीचीन उत्तर देने का यथासाध्य प्रयास किया जा रहा है।

भारत का नाम 'भारत' कैसे पड़ा?

भारत का नाम 'भारत' कैसे पड़ा, इस सम्बन्ध में विविध मान्यताएं अधोलिखित हैं-

१. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र महायोगी भरत के नाम पर इस देश का नाम 'भारतवर्ष' पड़ा।

२. ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार दुष्यंत पुत्र भरत ही 'भारत' नामकरण के पीछे खड़े दिखते हैं।

ग्रन्थ के अनुसार भरत एक चक्रवर्ती सम्राट था, जिसने चारों दिशाओं की भूमि का अधिग्रहण कर एक विशाल साम्राज्य का निर्माण कर अश्वमेघ यज्ञ किया, जिसके चलते उसके राज्य का नाम 'भारतवर्ष' हुआ।

आम तौर पर 'भारत' नाम के पीछे महाभारत के आदि पर्व में एक कथा है- महर्षि विश्वामित्र और अप्सरा मेनका की पुत्री शकुंतला और पुरूवंशी राजा दुष्यंत के बीच गान्धर्व विवाह हुआ था। इन दोनों के पुत्र का नाम भरत था।

ऋषि कण्व ने आशीर्वाद दिया कि 'भरत' आगे चलकर चक्रवर्ती सम्राट बनेंगे और उनके नाम पर इस भूखण्ड का नाम 'भारत' प्रसिद्ध होगा।

३. इसी प्रकार मत्स्य पुराण में उल्लेख है कि मनु को प्रजा को जन्म देने वाले वर और उसका भरण-पोषण करने के कारण 'भरत' कहा गया, जिस खंड पर उसका शासन-वास था, उसे भारतवर्ष कहा गया।

४. हरिवंश पुराण के अध्याय ३३, पृ.५३ तथा बलिया गजेटियर के पृष्ठ ७७ और १३८ में कहा गया है कि भरत, भर जाति के नाम पर इस देश का नाम 'भारत' है।

कई प्राचीन इतिहासकारों की मान्यता है कि भरत जाति **शेष पृष्ठ २४ पर...**

पृष्ठ २२ से... की व्यवस्था हमारे भारतीय मनीषियों द्वारा की गई है।

प्रगति का पर्व - गीता के आठवें अध्याय में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भी सूर्य के उत्तरायण का महत्व स्पष्ट किया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि 'हे भरतश्रेष्ठ! ऐसे लोग जिन्हें ब्रह्म का बोध हो गया हो, अग्रिमय ज्योति देवता के प्रभाव से जब छह माह सूर्य उत्तरायण होता है, दिन के प्रकाश में अपना शरीर त्यागते हैं, पुन: जन्म नहीं लेना पड़ता है, जो योगी रात के अंधेरे में, कृष्ण पक्ष में ध्रूम देवता के प्रभाव से दक्षिणायन में अपने शरीर का त्याग करते हैं, वे चंद्रलोक में जाकर पुन: जन्म लेते हैं। वेदशास्त्रों के अनुसार, प्रकाश में अपना शरीर छोड़नेवाला व्यक्ति पुन: जन्म नहीं लेता, जबकि अंधकार में मृत्यु प्राप्त होनेवाला व्यक्ति पुन: जन्म लेता है। यहाँ प्रकाश एवं अंधकार से तात्पर्य क्रमश: सूर्य की उत्तरायण एवं दक्षिणायन स्थिति से ही है। संभवत: सूर्य के उत्तरायण के इस महत्व के कारण ही भीष्म ने अपना प्राण तब तक नहीं छोड़ा, जब तक मकर संक्रांति अर्थात सूर्य की उत्तरायण स्थिति नहीं आ गई। सूर्य के उत्तरायण का महत्व छांदोगय उपनिषद में भी किया गया है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सूर्य की उत्तरायण स्थिति का बहुत ही अधिक महत्व है। सूर्य के उत्तरायण होने पर दिन बड़ा होने से मनुष्य की कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है जिससे मानव प्रगति की ओर अग्रसर होता है। प्रकाश में वृद्धि के कारण मनुष्य की शक्ति में भी वृद्धि होती है और सूर्य की यह उत्तरायण स्थिति चूँकि मकर संक्रांति से ही प्रारंभ होती है, यही कारण है कि 'मकर संक्रांति' को पर्व के रुप में मनाने का प्रावधान किया गया है और इसे प्रगति तथा ओजस्विता का पर्व माना गया जो कि सूर्योत्सव का द्योतक है।

मकर संक्रान्ति का ऐतिहासिक महत्व

ऐसी मान्यता है इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं, चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अत: इस दिन को 'मकर संक्रान्ति' के नाम से जाना जाता है। महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिये 'मकर संक्रान्ति' का ही चयन किया था।

'मकर संक्रान्ति' के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थी।

मकर संक्रान्ति और नये पैमाने - अन्य त्योहारों की तरह लोग अब इस त्यौहार पर भी छोटे-छोटे मोबाइल-सन्देश एक दूसरे को भेजते हैं, इसके अलावा सुन्दर व आकर्षक बधाई-कार्ड भेजकर इस परम्परागत पर्व को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाता है।

पृष्ठ २२ से... के लोगों ने आर्य और अनार्य दोनों पर विजय प्राप्त कर अपने भरतगन कबीले के नाम पर अपने साम्राज्य का नाम 'भारतवर्ष' रखा, यही भरत जाति आगे चलकर भर जाति के नाम से प्रसिद्ध हुयी।



इस प्रकार स्पष्ट है कि मत-मतान्तर भले ही हो सकते हैं, किन्तु ऐतिहासिक दृष्टि से यह भली प्रकार स्पष्ट है कि इस भू-खंड का नाम 'भारत' ही था।

भारतवर्ष के अन्य नाम -

पूर्व में भारतवर्ष के भू-भाग को जम्बूद्वीप, भारतखंड, हिमवर्ष, अजनाभ वर्ष, भारतवर्ष, आर्यावर्त, हिन्द, हिन्दुस्तान और इंडिया आदि विविध नामों से पुकारा जाता था।

भारत को 'इंडिया' नाम किसने दिया?

भारत के अंग्रेजी नाम 'इंडिया' की उत्पत्ति सिंधु शब्द से हुई जो यूनानियों द्वारा चौथी सदी ईसा पूर्व से प्रचलन में था। इंडिया नाम पुरानी अंग्रेजी में ९वीं सदी और आधुनिक अंग्रेजी में १७वीं सदी में मिलता है।

ज्ञातव्य है कि १८वीं शताब्दी में अंग्रेज भारत में व्यापार करने के उद्देश्य से आए, उन्हें 'हिंदुस्तान' और 'भारतवर्ष' शब्द बोलने में कठिनाई होती थी।



इतिहासकारों के माध्यम से उन्हें ज्ञात हुआ कि प्राचीन सिंधुघाटी सभ्यता को 'इंडस वैली' और भारत में बहने वाली प्राचीन जलधारा सिंधुनदी को 'इंडस' के नाम से जाना जाता है, तो उन्होंने भारत का नाम बदलकर 'इंडिया' रख दिया। इस प्रकार भारत को 'इंडिया' नाम देने के पीछे अंग्रेजों का मुख्य हाथ रहा है। लगभग तीन सौ वर्षों के भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान भारत सम्पूर्ण विश्व में 'इंडिया' के नाम से प्रसिद्ध हो गया। सन् १९४७ ई. में देश को स्वाधीनता मिली। १९४९ ई. में जब भारत का संविधान बना तो भारत की संविधान निर्मात्री सभा ने भारतवर्ष के साथ-साथ 'इंडिया' को भी संविधान में शामिल कर लिया, इसी कारण हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद-१ में 'इंडिया दैट इज भारत' वर्णित है जिसे हटाकर केवल 'भारत' रखने की मुहिम सम्पूर्ण देश में पूरे वेग से चल रही है।

भारत को 'भारत' ही क्यों बोला जाए?

अब यह एक यक्ष प्रश्न है कि 'भारत को 'भारत' ही क्यों बोला जाए'? भारतीय संविधान के अनुच्छेद -१ में वर्णित 'इंडिया दैट इज भारत' को संशोधित कर केवल देश का नाम 'भारत' रखने से क्या फर्क पड़ेगा? देश का इससे क्या मान बढेगा? इस प्रकार के अनेक प्रश्न हमारे मन-मस्तिष्क में उभर सकते हैं। भारत को 'भारत' ही क्यों बोला जाए, इसके समर्थन में निम्नांकित तर्क दृष्टव्य हैं-

१. किसी भी व्यक्ति अथवा देश को एक ही नाम से जाना जाता है तो हमारे देश का नाम 'इंडिया दैट इज भारत' क्यों? हमारे देश को केवल एक ही नाम 'भारत' से जाना जाए, यही उचित है।

२. यदि भारतीय संविधान निर्मात्री सभा की प्रोसिडिंग्स का गंभीरता से अध्ययन किया जाए तो ज्ञात होगा कि अधिकांश सदस्य इसी पक्ष में थे कि हमारे देश का नाम केवल 'भारत' रखा जाए। 'इंडिया' शब्द को संविधान में सम्मिलित नहीं किया जाए। ऐसा प्रतीत होता है कि अगस्त १९४७ ई. में देश की स्वाधीनता के बाद भी हम ब्रिटिश दासता के प्रभावों से नहीं उभर सके थे, हमारी मानसिक दासता के प्रतीक के रूप में हमने हमारे संविधान में 'इंडिया दैट इज भारत' को सन्निहित कर दिया था।

३. अब समय आ गया है कि देश को उसके मूल और प्रामाणिक नाम 'भारत' से पहचाना जाए, विशेषकर जब हमारे शहरों को भारतीय लोकाचार के साथ पहचानने के लिए नाम दिए जा रहे हैं।

४. प्रत्येक देश के लिए 'राष्ट्रीय अस्मिता' उसकी सांस्कृतिक धरोधर, उसकी

संस्कृति अहं होती है। देश के अंग्रेजी नाम 'इंडिया' को हटाने से हमारी अपनी राष्ट्रीयता विशेषकर हमारी आने वाली पीढ़ी में गर्व की भावना उत्पन्न होगी।

५. वर्तमान काल में हमारे देश को 'भारत' नाम दिए जाने की मांग का एक मुख्य कारण यह भी है कि - हम भावनात्मक रूप से अपनी मातृभूमि 'भारत' शब्द से जुड़े हुए हैं। पुराणों एवं महाभारत जैसे प्राचीन ग्रन्थों में मातृभूमि के रूप में 'भारत' का ही गुणगान किया गया है। 'भारत' शब्द हमारे मन में देश प्रेम की भावना उत्पन्न करता है किन्तु 'इंडिया' अथवा 'हिंदुस्तान' जैसे शब्द नहीं करते। हमारे देश के कई नामों में से केवल 'भारत' शब्द ही ऐसा है जो हमारी प्राचीनतम विरासत को व्यक्त करता है, क्या यह उचित होगा कि हम अपनी प्राचीनतम विरासत को, हमारी गौरवपूर्ण संस्कृति को भूल जाएं? कदापि नहीं, इसीलिए 'इंडिया' शब्द को हटाकर देश का नाम केवल मात्र 'भारत' रखना समीचीन होगा।

६. हमने ईश्वर को नहीं देखा है, किन्तु उसमें हमारी आस्था है, इसी कारण उसकी पूजा-अर्चना करते हैं, उसकी अपरिमित शक्ति में विश्वास रखते हैं, ठीक इसी प्रकार हम देशवासियों की आस्था देश का नाम 'भारत' रखने में है, 'इंडिया' शब्द से भारतीयों का कोई सरोकार नहीं है।

संक्षेप में देश की एकता, अखंडता, हमारी प्राचीनतम सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने, देशवासियों की मनोभावना को तरजीह देने, युवापीढ़ी में देशप्रेम की भावना को प्रज्वलित करने, राष्ट्रीय अस्मिता को बरकरार रखने, मानसिक दासता के चिन्हों को ध्वस्त करने के उद्देश्य से हमारी मातृभूमि का नाम 'भारत' ही रखा जाए, यही समय की मांग है, राष्ट्र की पुकार है। जय भारत!

- प्रो. मिश्री लाल मांडोत
शिक्षाविद्, इतिहासकार,
राजनीतिक विश्लेषक एवं वरिष्ठ लेखक
मो. ७८७७४६८३३७

Why Bharat Only?
– Why the debate refuses to subside and is garnering more attention?

By Somesh Arora, Advocate, Ex-IRS and Former Commissioner of Customs.

When approached by "Main Bharat Hun Foundation" to contribute my views on the proposition of need to amend Article 1 (1) of Bhartiye samvidhaan (Constitution of India) which reads 'India i.e. Bharat shall be a Union of States' . I agreed to contribute my bit and support knowing fully well, that the idea to do so was neither a new germination nor had been lacking in debate earlier, both at judicial and legislative fora. It also made a greater sense to approach the legislature for consideration of request rather than frequent knocking at the doors of Judiciary, as the issue involved has been often debated cutting across party lines in the parliament and earlier since the days of drafting of the constitution. And which now with the advent of social media in last decade or so, has been engaging greater informed debate and support of more and more people of Bharat.

The first thought process over the issue, therefore, was- whether the efforts this time are going to be different from the previous attempts and if so, how?

We cannot remain ignorant of the fact and must admit that the debate of having Bharat as the constitutional name of the country is as old as or even older than the Constitution of the country. Not only the name Bharat, but also the phraseology of Article 1, was widely debated by Shri H. V. Kamath in presence of Shri B. R. Ambedkar and others as is documented in the proceedings of constituent assembly of India debates (proceedings)volume IX, dated 18.09.1949. This despite only shorter time being available for drafting elaborate Constitution document. Following extracts from the resolution moved by Shri H. V. Kamath in the constituent assembly bring out the contours of the issue, as was then debated:

" Shri H. V. Kamath : I move "That in amendment No. 130 of List IV (Eighth Week), for the proposed clause (1) of article 1, the following be substituted:-

'(1) Bharat or, in the English language, India, shall be a Union of States.' " or, alternatively,

"That in amendment No. 130 of List IV (Eighth Week), for the proposed clause (1) of article 1, the following be substituted :

1(1) Hind, or, in the English language, India, shall be a Union of States."

Taking my first amendment first, amendment No. 220, it is customaryamong most peoples of the world to have what is called a Namakaran or a naming ceremony for the new-born. India as a Republic is going to be born very shortly a nd naturallythere has been a movement in the country a mong many sections--almost all sections-of the people that this birth of the new Republic should be accompanied by a Namakaran ceremony as well. There are various suggestions put forward as to the proper name which should be given to this new baby of the Indian Republic. The prominent suggestions have been Bharat, Hindustan, Hind and Bharatbhumi orBharatvarsh and names ofthat kind. At this stage it would be desirable and perhaps profitable also to go into the question as to what name is best suited to this occasion of the birth of the new baby-the Indian Republic. Some say, why name the baby at ail? India will suffice. Well and good. I f there was no need for a Namakaran ceremony we could have continued India, but if we grant this point thatthere must be a new nameto this baby, then of coursethe question arises as to whatname should be given.

Now, those who argue for Bharat or Bharatvarsh or Bharatbhumi, take their stand on the fact that this is the most ancient name of this land. Historians and philologists have delved deep into this matter of the name of this country, especiallythe origin of this name Bharat. All of them are not agreed a s to the genesis of this name Bharat. Some ascribe it to the son of Dushyant and Shakuntala who was also known as "Sarvadamana" or all-conqueror and who established his suzerainty and kingdom in this ancient land. After him this land cameto be known as Bharat. Another school of research scholars hold that Bharat dates back to Vedic ....

The Honourable Dr. B. R. Ambedkar (Bombay: General): Is it necessary to trace all this? I do not understand the purpose of it. It may be well interesting in some other place. My Friend accepts the word "Bharat". The onlything is that he has got an alternative. I am very sorry but there ought to be some sense of proportion, in viewof the limited time before the House."

It was thus clear that Honorable Dr. B. R. Ambedkar was only interested notto have elaborate debate about the naming of Bharat considering the limited time that was available with Constituent Assembly to draft and adopt the elaborate document called '**Bharat ka Samvidhan**' or Constitution of India, but was never opposed to debate and made it an "open and shut" matter.

It can also be appreciated that Honorable Dr. B. R. Ambedkar had in no way closed the possibility of future debate about the namakaran of India. Since, adoption of constitution in 1950, there have been sporadic attempts to raise the debate in the Parliament as well as in the Supreme Court of India, cutting across party lines of political groups. However, the change which has occurred since the earlier debates, is that now informed members of public, with research tools available in social media, are more vocally demanding the same. At least, twice in recent years, that is in 2015 and 2020, apex court was moved to seek direction for legislature/Government to amend constitution to incorporate 'Bharat', instead of 'India that is Bharat'. However, both times Supreme Court did not agree with the petitioners and relegated them to move through legislature or support of Central Government. The response of the Supreme Court appears appropriate, considering that amendments of constitution is necessarily prerogative of legislature and courts in normal circumstances may not like to involve themselves in any legislative business, unless the executive supports the move. The campaign managers therefore, will need to move at two levels. Firstly, enlist support of Parliamentarians and Members of Legislature and Councils etc. and secondly, to raise voice in public and get substantial support from civil society.

यदि मुझे विश्वास हो जाये कि 'हिन्दी' राष्ट्रीय एकता में बाधक है, तो मैं 'हिन्दी' को सदा के लिए राष्ट्रभाषा पद से हटा लेने का प्रस्ताव करूँगा - सेठ गोविन्ददास

On ground sufficient support of notions of patriotism exists is a proposition vindicated by the earlier moves. The move to rename India as Bharat was in the recent years moved by Congress M. P. of Goa Mr. Shantaram Naik in 2010 and again on 09.08.2012 in Rajya Sabha. His main plank of arguments was based on nationalism and patriotism to bring the change. Prior to this in April, 2004, Samajwadi parties too had proposed the name Bharat for India. What then has so far eluded a wide legislative consensus to see the amendment through? It appears that the attempts made were more to create a patriotic fervor only or the movers of the bill could not (through their parties) have sufficient numbers in parliament or moves were designed simply to create a debate point as a concept and to allow it to become reality later. Probably the last ,was the targetted approach.

The following frequently coming to mind questions and answers can support the notion that Bharat and not India should be an exclusive name even in our Constitution.

Question 1. Where from the name India originated?

Reply - Connected with the river Sindhu, which with Persian became Hindu the distorted named India was derived from Greek Indike. Etymologically it meant inhabited land in and around the Indus River. Therefore, its clear expression' India' which was distorted version of Indike was a name given by the people, who hardly had anything to do with India or who never ruled India, but was a distorted name picked up by the British and has continued as such even afterthey have left India.

Question 2. How many countries have bilingual names?

Reply - With exception of India/Bharat it appears only other country having different names in English and colloquial language is Germany/ Deutschland.

Question 3. How many common wealth/other vanquished countries after independence have changed their names from the one used by British/the victorious?

Reply - While few like Pakistan, Bangladesh were named first time after independence, others like Ceylon to Sri Lanka, Burmato Myanmar, Democratic Kampuchea to Cambodia, Irish Free State to Ireland in 1937, Swaziland in Africa to Eswatini, Rhodesia to Zimbabwe in 1980 etc. changed their names after independence and after coming into existence of Bharat.

Question 4. Does name India represent multicultural and multilingual society and should not be done away with?

Reply- Multiculturalism and multilingualism has nothing to do with the name of the country being of or other language. In fact many modern multicultural societies like Australia, Canada and U.S.A. have only one name and are not dependent upon name spoken by the victorious nationals of the past. Bharat itself for millenniums remained a shining example of multi-religious, multi-cultural and pluralistic society.

Question 5. What justifies the name Bharat?

Reply- Apart from the fact that many countries like Sri-Lanka (Ceylon), Myanmar (Burma), Rhodesia to Zimbabwe which were former British Colonies have under gone name change since independence of Bharat (India). Bharat is the most natural contender as constitution framers have already approved it and history of the country justifies it as all-embracing name, which was its long lasting identity among the settled people as well as in the eastern countries like Burma, Siam etc. Since ancient times our nation has been termed as Bharat (Sanskrit original name). Various ancient versions pertaining to the deriving of the name are as follows:

According to **Mahabharata** the country was called Bharatvarsha after the king named Bharata Chakravarti, who was a legendary emperor and the founder of Bharata Dynasty of which the Pandavas and Kauravas were the descendents. He was son of King Dushyanta of Hastinapur and Queen Sakuntala. Also, a descendant of Kshatriya Varna. Bharata had conquered all of Greater India, and had united in to a single entity which was named after him as " Bharatvarsha".

In Vishnu Purana "This country is known as Bharatvarsha since the times the father entrusted the kingdom to the son Bharata and he himself went to the forest for ascetic practices" .

Bharata is the official Sanskrit name of the country, Bharata Ganarajya. The Sanskrit word Bharata describes Agni. It also means " One who is engaged in search of Knowledge".

India' s real name is Bharat and it was kept after the name of Bharat Chakravarti the eldest son of First Jain Tirthankar & it is said that it is solely gift of Jainism in terms of name Bharat and its original sourceof Civilisation of Bharat today called India.

Therefore it is clear that for different reasons name "Bharat" had found wide acceptance both in Hinduism and Jainism.

The organizers of the 'Main Bharat hoon' foundation certainly deserve kudos in making one more valiant attempt to get Ma Bharati its due, the path may be difficult but certainly is not as much as getting Bharat its independence or maintaining its independence. If that could be done by-we the people of Bharat, even this too will be - some day in near future.

- Advertorial

कृपया मुझे INDIA ना बोलें क्योंकि
मैं भारत हूँ

रविंद्र आर्य
अध्यक्ष बिन्दल ग्रुप
हिसार निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९९०९०१८८६०

रविंद्र जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' मेरी कर्मभूमि है इसीलिए मेरे लिए विशेष महत्व रखता है पहले और आज के सूरत में बहुत परिवर्तन आ गया है, पहले यहां की आबादी मात्र ८ लाख से कम थी, आज करीब ५० लाख से भी अधिक है, इतने सालों में 'सूरत' सबसे गंदा शहर से सबसे खूबसूरत शहर के रूप में बदल गया है। 'सूरत' एक ऐसा शहर है जो हर कदम बढ़ता रहा है इसीलिए इसे 'फास्टेस्ट ग्रोइंग सिटी इन द वर्ल्ड' भी कहा जाता है। यह स्मार्ट सिटी के रूप में भी जाना जाता है। यहां आने वाले हर किसी को अपने में समाहित कर लेता है, यहां के लोग बहुत ही शांतिप्रिय हैं। यहां की सड़कें बहुत ही चौड़ी हैं, सबसे अधिक फ्लाईओवर 'सूरत' में ही बने हैं, इसीलिए ट्रैफिक जैसी कोई समस्या नहीं है। यहां हर राज्य व समाज के लोग बसे हैं, यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही अच्छा है। सब एक दूसरे से मिलजुल कर रहते हैं। अग्रवाल समाज बहुत बड़ी संख्या में है और उनका सूरत की उन्नति में बहुत बड़ा योगदान है। 'सूरत' के सामाजिक विकास में यहां के प्रवासियों की अहम भूमिका रही है, उनके द्वारा यहां कई स्कूल, कॉलेज, सामाजिक व धार्मिक भवन बनाए गए हैं। यहां आने वाला हर व्यक्ति रोजगार अवश्य पाता है बस उन्हें मेहनत करनी है और अपना मुकाम पाना है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि अपने देश को हमें भारत ही बोलना-लिखना चाहिए, लेकिन देश के बाहर इंडिया नाम से जाना जाता है। जापान को जापान के लोग निपोन भी कहते हैं जो कि संवैधानिक नहीं है, हम सभी उसको जापान के नाम से ही जानते हैं। 'भारत' हमारा ऐतिहासिक नाम है अतः हमारे देश की पहचान 'भारत' से ही बनी रहे, यह प्रयास किया जाना चाहिए।

रविंद्र जी मूलतः हरियाणा स्थित हिसार के नजदीक 'गुरेरा' गांव के निवासी हैं। आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'कोलकाता' में संपन्न हुई है, कोलकाता विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक की शिक्षा ग्रहण की। १९८० से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं व बिंदल सिल्क मिल्स प्राइवेट लिमिटेड में सीएमडी के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही आप सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रहते हैं। पलसाना एन्वीरो प्रोटेक्शन एवं विचार टेलिविजन नेटवर्क के अध्यक्ष है, रोटरी क्लब ऑफ सूरत के सीफेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, दक्षिण गुजरात प्रोसेसर असोशिएशन, दक्षिण गुजरात चेंबर इत्यादी में विभिन्न पदों पर रहे है। इसके साथ ही अग्रसेन विकास ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य, अग्रवाल विद्या विहार एवं महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल के ट्रस्टी हैं। जय भारत!

कमल दलाल (राठी)
व्यवसायी व समाजसेवी
जैसलमेर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९४२६१०५७५८

कमल जी अपनी कर्मभूमि सूरत की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां जो भी अपनी मेहनत व ईमानदारी से काम करता है तो वह निरंतर आगे बढ़ता ही रहता है, उसे पीछे देखने की आवश्यकता नहीं पड़ती। मेहनत वालों का ही है औद्योगिक शहर 'सूरत'। औद्योगिक दृष्टिकोण की बात की जाए पहले के मुकाबले आज बहुत अधिक विकास हो रहा है, नई-नई तकनीक व यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उद्योग व्यापार दिन-प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। कपड़ा उद्योग में सबसे अधिक राजस्थानी समाज का वर्चस्व है। 'सूरत' में पूरे भारत के सभी क्षेत्र व प्रदेश के लोग बसे हैं, इसीलिए इसे 'मिनी भारत' भी कहा जाता है, यहां की ८०% आबादी प्रवासियों की ही है। यहां मिली-जुली संस्कृति दिखाई देती है, सभी अपने त्यौहार व धार्मिक, सामाजिक कार्यों को बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाते हैं। यहां हर समाज की सामाजिक संस्थाएं कार्यरत हैं जो समाज क्षेत्र में सदैव अग्रसर रहती है। अग्रवाल समाज के यहां कई विद्यालय और भवन बने हुए हैं। यहां का अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में चाहे वह व्यापार हो, सामाजिक हो या धार्मिक अपना विशेष महत्व बनाए हुए है। सूरत के प्रसिद्ध स्थानों में अंबाजी का मंदिर, इस्कॉन टेंपल, स्वामीनारायण मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां दर्शन करने हर क्षेत्र से लोग जाते हैं, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो सिर्फ 'भारत' से ही रहनी चाहिए, इंडिया तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया नाम है और मैं इस मत से पूर्ण सहमत हूं कि अपने देश का नाम एक ही रहना चाहिए चाहे भाषा कोई भी हो।

कमल जी मूलतः राजस्थान स्थित 'जैसलमेर' के निवासी हैं। आपका जन्म और स्नातक तक की शिक्षा गुजरात के जेतपुर में संपन्न हुई है। कुछ वर्षों तक आप जेतपुर में कॉटन उद्योग से जुड़े रहे, पिछले ३० वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हैं और टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज से जुड़े हैं। आप सामाजिक कार्यों में भी विशेष सक्रिय रहते हैं। महेश मित्र मंडल जैसलमेर के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष रहे हैं। जय भारत!

गजानन राठी
प्रदेश अध्यक्ष माहेश्वरी सभा गुजरात
नोखा निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२४०५१९३१

गजानन जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' के विशेषता का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पिछले ३५ सालों में 'सूरत' में बहुत परिवर्तन आ गया है। पहले 'सूरत' शहर की आबादी मात्र १० से १५ लाख ही थी पर आज यहां की आबादी ७० लाख से भी अधिक है। सूरत का विकास चहूं दिशा में हुआ है और यह सबसे तेजी से विकसित होने वाला शहर बन गया है, यहां के रिंग रोड में एक ही सड़क पर आज कई सड़कें बन गई हैं और सभी व्यवस्थित व चौड़ी सड़कें हैं। पहले सूरत सबसे गंदा शहर हुआ करता था पर आज यह भारत का दूसरे स्थान का सबसे स्वच्छ शहर बन चुका है, यहां की महानगरपालिका द्वारा शहर का रखरखाव बड़े ही व्यवस्थित ढंग से किया जाता है, जिससे यहां के नागरिकों को कभी कोई परेशानी नहीं होती। उद्योग व्यापार में भी पिछले कुछ सालों में बहुत तेजी से प्रगति हुई है, इसीलिए यहां देश के विभिन्न भागों से लोग व्यापार व रोजगार हेतु बसे हैं। यहां सभी धर्म समाज के लोग आपसी मेल-मिलाप के साथ निवास करते हैं। यहां का वातावरण हमेशा ही सौहार्दपूर्ण बना रहता है। यहां सभी धर्म और समाज की अपनी-अपनी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं कार्यरत हैं। यहां माहेश्वरी समाज के लगभग ८५०० परिवार हैं। माहेश्वरी समाज के लगभग २२ संस्थाएं कार्यरत है और माहेश्वरी समाज द्वारा यहां दो स्कूल हैं व दो माहेश्वरी भवन बनाया गया है जो पूर्णत: सुविधायुक्त है। पर्यटन की दृष्टि से यहां विशेष कुछ नहीं पर यहां का चौपाटी और रिसॉर्ट है जहां लोग जाना पसंद करते हैं। यहां कई विशेष मंदिर भी हैं जो लोगों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' अभियान के संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान सिर्फ भारत से ही रहनी चाहिए क्योंकि यही हमारे देश का मूल नाम है जो सदियों से चला आ रहा है।

गजानन जी मूलतः राजस्थान स्थित बीकानेर जिले में स्थित 'नोखा' के निवासी हैं। आपका जन्म व सम्पूर्ण शिक्षा 'नोखा' में ही संपन्न हुई है। शिक्षा समाप्ति के बाद आप १० सालों तक पश्चिम बंगाल के कुचविहार रहे और जूट व तम्बाकू के व्यवसाय से जुड़े रहे। १९८५ में आप 'सूरत' में आए और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े। यहां माहेश्वरी समाज की कई संस्थाओं के कार्यकारिणी में सक्रिय हैं। माहेश्वरी सभा गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। गुजरात चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स के भी कार्यकारणी सदस्य हैं। सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन व रेड क्रॉस से भी जुड़े हैं। माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर बने आवास एवं राजस्थान के कोटा, दिल्ली, मुंबई स्थलों पर छात्रों के लिये बने होस्टल में भी ट्रस्टी हैं। अन्य कई संस्थाओं में भी विशेष पदों पर सक्रिय हैं। जय भारत!

मनोज अग्रवाल
अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ सूरत टेक्सटाइल ट्रेड एसोसिएशन (फोस्टा)
हिसार निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२५१५७१२७

मनोज जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में 'सूरत' में बहुत ही परिवर्तन आया है और यह परिवर्तन न सिर्फ टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज बल्कि 'सूरत' के हर क्षेत्र में विकास हुआ है, चाहे वह उद्योग व्यापार हो, जनसंख्या हो, यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर हो या लोगों का रहन-सहन स्तर सभी क्षेत्रों में 'सूरत' ने बहुत प्रगति की है, अन्य शहरों की तुलना में 'सूरत' ही सबसे तेज प्रगति वाला शहर कहा जाता है और आज भी यह प्रगति निरंतर गतिशील है। यहां कपड़ा उद्योग व डायमंड क्षेत्र का विकास तो हुआ ही है साथ ही इनसे जुड़े अन्य उद्योग धंधों में भी गति आई है। 'सूरत' को मिनी भारत कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि यहां भारत के हर प्रांत, हर क्षेत्र के लोग व्यापार, उद्योग, रोजगार हेतु बसे हुए हैं। टेक्सटाइल क्षेत्र की बात की जाए तो यहां लगभग १५ लाख से अधिक लोग टैक्सटाइल्स से जुड़े हैं, जिनमें से १२ से १३ लाख यूपी, बिहार, उड़ीसा के लोग हैं, जो कारीगर या रोजगार से जुड़े हैं। 'सूरत' में आने वाला हर व्यक्ति रोजगार अवश्य पाता है, वह कभी भूखा नहीं सोता, 'सूरत' की सामाजिक स्थिति भी निरंतर प्रगति की ओर है, यहां हर समाज-हर धर्म के लोगों का आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है। एक दूसरे के साथ हमेशा मेल-मिलाप के साथ रहते हैं। यहां के लोग सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर शामील होते हैं, इसीलिए यहां विभिन्न समाजों की कई संस्थाएं बनी हुई हैं। सूरत को ब्रिज सिटी के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां भारत के अन्य क्षेत्रों की तुलना में सबसे अधिक फ्लाईओवर बने हैं, जिससे यहां के लोगों के लिए आवागमन की सुविधा बहुत ही उत्तम है, ऐसी ही अन्य कई विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' विषय पर आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम एक ही होना चाहिए 'भारत' इसका मैं पूर्णत: समर्थन करता हूं, पर यह कार्य भारत सरकार द्वारा ही संभव है और उन्हीं के द्वारा पूरा किया जा सकता है।

मनोज जी मूलतः हरियाणा स्थित 'हिसार' के निवासी हैं, आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'हिसार' में ही संपन्न हुई है। पिछले ४० वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और टैक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। 'सूरत' की सबसे बड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज की संस्था 'फेडरेशन ऑफ सूरत टैक्सटाइल एंड ट्रेड एसोसिएशन' के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, साथ ही अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं। जय भारत!

यदि बढ़ाना है भारत को विकास की ओर, तो दें हिंदी भाषा पर जोर-बिजय कुमार जैन

अशोक शाह
प्रोफेसर व समाजसेवी
बाड़मेर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८७९५१००४५

अशोक जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' के बारे में कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में सब कुछ परिवर्तन हो चुका है। पहले 'सूरत' एक संकुचित क्षेत्र हुआ करता था, जहां गंदगी का वास था पर १९९२ के बाद जब लोगों में जागृति आई, तब 'सूरत' वासियों व महानगर पालिका के प्रयासों से 'सूरत' आज स्वच्छ शहर के रूप में जाना जाता है। सड़कें चौड़ी हो चुकी हैं, यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बहुत तेजी से बढ़ा है, इसीलिए आज 'सूरत' को फ्लाईओवर सिटी के नाम से भी जाना जाता है, भारत में सबसे अधिक फ्लाईओवर 'सूरत' में ही हैं। लोगों के आवागमन की सुविधा भी अच्छी हो गई है। यहां की महानगरपालिका द्वारा हर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। यहां का डिजास्टर मैनेजमेंट भी सक्रिय है, किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा के लिए 'सूरत' हमेशा सतर्क रहता है। यहां के व्यापार की बात की जाए तो उद्योग व्यापार से जुड़ा हर व्यक्ति एक दूसरे से संबंध रखता है व सहयोग की भावना को लिए हुए सहकार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता है। हर स्तर का व्यक्ति अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सक्रिय है। टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज के साथ-साथ डायमंड इंडस्ट्रीज से भी जुड़े बड़े-छोटे उद्योग व्यवसाय यहां सक्रिय हैं। आज सूरत मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में जाना जाता है, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा पंजाब जैसे सभी क्षेत्र से लोग यहां आकर बसे हुए हैं। सभी ने यहां के कल्चर, खान-पान को अपनाया है। एक दूसरे से पुरी तरह से घुल-मिल गए हैं, किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्य को एकजुट होकर करते हैं, यहां का वातावरण बहुत ही शांत प्रिय है। क्राइम का रेट बहुत ही कम है, यहां हर तरह के खानपान आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, इसीलिए यहां होटल बिजनेस भी बढ़ा है, यहां की सुंदरता की बात की जाए तो सूरत को गार्डन सिटी के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यहां असंख्य उद्यान बने हुए हैं। घूमने-फिरने के लिए लोग डुमास बीच जाना पसंद करते हैं। रात के समय फ्लाईओवर की लाइटिंग हमें विदेशी शहर का अनुभव देती है। यहां म्यूज़ियम, प्राणी संग्रहालय, एक्वेरियम, साइंस सेंटर भी बने हुए हैं। ताप्ती नदी के किनारे यहां कहीं पौराणिक मंदिर हैं, जो लोगों की आस्था से जुड़ा है ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' से ही रहनी चाहिए क्योंकि यह भरत खंड के नाम से हमेशा से ही विख्यात रहा है।

अशोक जी मूलतः राजस्थान स्थित बाड़मेर के निवासी हैं। आपका जन्म व प्रारंभिक शिक्षा बाड़मेर में ही संपन्न हुई है। तत्पश्चात उच्च शिक्षा आपने अहमदाबाद से ग्रहण की। आपने इंजीनियरिंग क्षेत्र में उपाधि प्राप्त की है और नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नॉलाजी में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। स्थानीय माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष रहे हैं। सूरत माहेश्वरी सभा के कार्यकारिणी सदस्य हैं, शिक्षा समिति से भी जुड़े हुए हैं अन्य कई संस्थाओं में भी संलग्न हैं। जय भारत!

आनंद जिंदल
अध्यक्ष सूरत आडतिया कपड़ा असोसिएशन
मुजफ्फरनगर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२५१२३६३५

आनंद जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि प्राचीन काल से ही 'सूरत' का अपना विशेष महत्व रहा है इसलिए विदेशी आक्रांता चाहे वह अंग्रेज हो या मुगल सभी के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा है क्योंकि सूरत व्यापार उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण भूमि के रूप में जाना जाता है। पहले के मुकाबले आज का 'सूरत' बहुत ही परिवर्तित हो चुका है और यह परिवर्तन विशेषकर मोदी जी के कार्यकाल के कारण ही संभव हुआ है। यहां डायमंड और कपड़ा उद्योग विशेष रूप से उल्लेखनीय है जिसके लिए 'सूरत' पूरे विश्व में जाना जाता है, आए दिन नई-नई तकनीकों का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में सूरत में ४५० से भी अधिक प्रोसेसिंग हाउस है जो कपड़ा उद्योग से सक्रिय हैं, चुंकि 'सूरत' औद्योगिक नगरी है इसलिए 'भारत' के सभी क्षेत्र के लोग यहां बसे हुए हैं। यहां रहने वाला हर कोई रोजगार अवश्य पाता है। यहां हर धर्म और संस्कृति के लोग अपने संस्कारों व धर्म से जुड़े हुए हैं। यहां समय-समय पर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं, जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। यहां का खानपान भी बहुत ही उत्तम है। यहां के लोग खाने पीने के शौकीन भी बहुत हैं। यहां कई देवी-देवताओं के मंदिर भी हैं जो 'सूरत' को और महत्वपूर्ण बनाते हैं। 'सूरत' से ३५ किलोमीटर दूरी पर स्थित है 'तेनगांव' जिसका उल्लेख आदिकाल में मिलता है। कहा जाता है की यहां समुद्र मंथन हुआ था और सतेश्वर महादेव जी का मंदिर जो सिद्धनाथ महादेव जी के नाम से प्रसिद्ध है, यहीं पर स्थापित है, यहीं पर ताप्ती नदी के किनारे दानवीर कर्ण का दाह संस्कार हुआ था। अंबाजी का मंदिर विशेष प्रसिद्ध है, यहां आने वाले हर किसी पर मां अंबाजी का आशीर्वाद बना रहता है ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अपने देश का नाम तो 'भारत' ही रहना चाहिए और यही हमारे देश की वास्तविक पहचान है। आनंद जी मूलतः उत्तर प्रदेश स्थित 'मुजफ्फरनगर' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा उत्तर प्रदेश में ही संपन्न हुई है। १९८३ से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, सूरत आडतिया कपड़ा असोसिएशन के अध्यक्ष, फेडरेशन टेक्सटाइल ट्रेडर्स असोसिएशन के कार्यकारणी सदस्य व अग्रसेन कम्प्यूटर सेंटर के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत है। साथ ही अग्रवाल समाज के विभिन्न संस्थाओं में कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं। जय भारत!

कैलाश अग्रवाल
अध्यक्ष सोमलाई बालाजी मंडल सूरत
सीकर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७४०७३२०८

कैलाश जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। १९९२ में प्लेग की बीमारी के बाद यहां लोगों में जागृति आई। यहां की महानगरपालिका भी हमेशा अपने कर्तव्य के लिए सक्रिय रहती है, इसीलिए आज सूरत सबसे स्वच्छ शहर के रूप में भारत में दूसरे स्थान पर है। पहले यहां छोटी-छोटी सड़कें हुआ करती थी पर आज यह फ्लाईओवर सिटी के नाम से पूरे भारत में विख्यात है, क्योंकि सबसे अधिक फ्लाईओवर सूरत में ही है, इसीलिए यहां यातायात की सुविधा बहुत उत्तम हो गई है, ट्रैफिक जैसी कोई समस्या नहीं, इसीलिए लोग यहां आकर व्यापार करना पसंद करते हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों से व्यापारी यहां व्यापार के लिए आते हैं। सूरत के विकास में यहां के प्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। कपड़ा व डायमंड उद्योग के लिए 'सूरत' देश में ही नहीं विदेशों में भी जाना जाता है। तीसरे स्थान पर सबसे प्रमुख व्यापार जरी का है, जिसका निर्माण बड़े पैमाने पर होता है। पहले एक जमाने में यहां चांदी की ज़री बनती थी पर आज पॉलिस्टर फैब्रिक के जरी का निर्माण होता है। यहां टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज में राजस्थानी, पंजाबी व हरियाणा के लोग अधिक है, इनमें भी सबसे अधिक राजस्थानी समाज के लोग टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं। डायमंड बाजार में गुजरातियों का दबदबा है विशेषकर मैन्युफैक्चरिंग में और फिनिशिंग में आज के युवा वर्ग विशेष रुप से जुड़े हैं। यहां का वातावरण धार्मिक व सामाजिक है, यहां के लोग किसी न किसी धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं, इसे मिनी भारत भी कहा जाता है, क्योंकि यहां हर प्रदेश व हर क्षेत्र के लोग बसे हैं और सभी के बीच आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है। प्रवासियों को यहां घर जैसा माहौल देता है। यह समाज के सामाजिक भवन भी बने हुए हैं। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाए तो यहां का ताप्ती नदी का किनारा बड़ा ही मनमोहक है, सूरत से कुछ किलोमीटर दूरी पर दरिया का किनारा लगता है, जहां लोग जाना पसंद करते हैं। कई हेरिटेज भवन, प्राणी संग्रहालय, मछली घर हैं। यहां की सिटी बस भी आकर्षण का केंद्र है। सूरत में देवी अंबाजी का मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है, साथ ही यहां राजस्थानी समाज द्वारा मिलकर बनाया गया खाटू श्याम जी का मंदिर भारत में दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। यहां हनुमान जी के भी कई मंदिर है, ऐसी ही कई विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि यह बहुत ही अच्छी सोच है और यह होना भी चाहिए। इंडिया नाम तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया है, हम अपने भारतीय नाम को छोड़कर अपने देश को इंडिया नाम से क्यों बदनाम कर रहे हैं। विश्व में किसी भी देश के २ नाम नहीं हैं तो हमारे देश का २ नाम क्यों? नाम एक ही होता है और उसी से हमारी पहचान होती है, अपने देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए।

कैलाश जी मूलतः राजस्थान स्थित सीकर जिले के 'डालमास' गांव के निवासी हैं, आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। १९८८ से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं में भी सक्रिय हैं। सोमलाई बालाजी मंडल में अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के गौसंवर्धन सेल के प्रदेश कार्यकारिणी में भी सक्रिय हैं। जय भारत!

विद्याकर बंसल
व्यवसायी व समाजसेवी
भिवानी निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२४१५७००२

विद्याकर जी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में जमीन-आसमान का अंतर आ गया है। पहले इसका क्षेत्रफल सीमित था, आज इसके क्षेत्रफल का विस्तार चहुं ओर हुआ है। यहां के प्रसिद्ध क्षेत्र में सिटीलाइट, वेसु, घोडदौड़ विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सूरत का विकास चहुं दिशा में हुआ है, उसी तरह सूरत के लोग भी बहुत ही मृदुलभाषी हैं। यहां के प्रवासी और मूल निवासियों के बीच आपसी भाईचारा इतना है कि पता ही नहीं चलता की कौन किस क्षेत्र से है, सभी आपस में बहुत ही घुले-मिले हैं। जनसंख्या की दृष्टि से भी यहां बहुत तेजी से वृद्धि हुई है, इसीलिए आज यहां हर व्यापार उद्योग धंधे बहुत ही तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों का आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है। यहां का दुम्मस बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है, साथ ही कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं। यह धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यहां के लोग धर्म समाज से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों में बढ़-चढ़ कर सहभागी होते हैं। यहां हर संस्कृति का मेल आपको मिलेगा। हर पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो 'भारत' से ही रहनी चाहिए, इंडिया नाम तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया है, अपनी संस्कृति 'भारत' से ही है और 'भारत' ही रहनी चाहिए, इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए।

विद्याकर जी मूलतः हरियाणा स्थित भिवानी के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा भिवानी में संपन्न हुई है। आप कई वर्षों तक दिल्ली और बिहार में भी बसे रहे, पिछले कुछ वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं। टेक्सटाइल उद्योग में डाइंग और प्रिंटिंग के कारोबार से जुड़े हैं, साथ ही आप सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। वनबंधु परिषद के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। वर्तमान में संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं, साथ ही अग्रवाल प्रगति ट्रस्ट विद्या विहार जैसी कई सामाजिक संस्थाओं में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

सुरेंद्र सोनी
आयकर सलाहकार
जोधपुर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९८२५१२०८१०

सुरेंद्र जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले के मुकाबले आज 'सूरत' चार गुना परिवर्तित हो चुका है, पहले यह एक छोटा सा शहर हुआ करता था, अब यह पुरी तरह से विस्तृत हो चुका है, यहां सिंगल रोड हुआ करती थी पर आज यहां इतनी सड़कें बन चुकी है। आवागमन की सुविधाएं बहुत ही उत्तम हो गई है। सूरत को फ्लाईओवर सिटी के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां १०० से भी अधिक फ्लाईओवर बने हुए हैं, इसीलिए यहां ट्रैफिक जैसी कोई समस्या नहीं होती। डायमंड और टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज तो 'सूरत' में हमेशा से ही रहा है और आज बहुत अधिक बढ़ चुका है, साथ ही फूड इंडस्ट्रीज भी बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं क्योंकि यहां सभी समाज व प्रांत के लोग बसे हैं, इसीलिए यहां हर स्वाद का व्यंजन आपको आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। चूंकि यहां भारत के सभी क्षेत्र के लोग बसे है, इसके बावजूद यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही सौहार्दपूर्ण है। यहां हर उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है। यहां टेक्सटाइल व ट्रेडिंग इंडस्ट्रीज में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के लोग अधिक हैं, इन इंडस्ट्रीज में मजदूर ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि से जुड़े हैं। डायमंड्स उद्योग में सौराष्ट्र के लोग अधिक सक्रिय हैं। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाए तो 'सूरत' में तो विशेष कुछ नहीं, पर 'सूरत' के आसपास कई क्षेत्र में पर्यटन के लिए लोग जाते हैं। स्टैचू ऑफ यूनिटी यहां से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है, 'सूरत' वासियों की आस्था का मुख्य केंद्र अंबाजी का मंदिर है जो काफी प्राचीन है। यहां हर समाज की अपनी-अपनी संस्थाएं व भवन बने हुए है, जिसमें माहेश्वरी समाज के लगभग २० से अधिक समितियां कार्यरत हैं, जिसमें दो विद्यालय जो कि हायर सेकेंडरी तक है व दो माहेश्वरी भवन बने हुए हैं ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' इंडिया नहीं, इस संदर्भ में अपना विचार रखते हुए कहते हैं कि इससे अच्छी बात और कोई नहीं हो सकती कि अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' से ही रहे और यह आवश्यक भी है कि अपनी संस्कृति व सामाजिक मूल्यों को बचाने के लिए अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' से ही बनी रहे।

सुरेंद्र जी मूलतः राजस्थान स्थित 'जोधपुर' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'जोधपुर' में ही संपन्न हुयी है। १९८५ से आप 'सूरत' में बसे हैं, सूरत में आप आयकर सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं, साथ ही माहेश्वरी समाज की विभिन्न संस्थाओं से भी संलग्न हैं। जय भारत!

बृजमोहन सोमानी
व्यवसायी व समाजसेवी
राजगढ़ अजमेर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९४२६७७२८९७

बृजमोहन जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं के संदर्भ में कहते हैं कि पहले के मुकाबले आज का 'सूरत' पूरी तरह से ही बदल चुका है। यहां के हर क्षेत्र में, हर चीजों में परिवर्तन आया है, लोगों की व्यवहारों में भी परिवर्तन आ गया है। पहले हर जगह इमानदारी नजर आती थी पर अब यह कम हो गई है। पहले यहां के बाजार सीमित हुआ करते थे, आज बाजारों की संख्या भी बढ़ गई है, यहां का रिंग रोड, सारोली, बॉम्बे मार्केट विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिनमें बॉम्बे मार्केट रिटेल के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। यह क्षेत्र टेक्सटाइल और डायमंड इंडस्ट्रीज के लिए विशेष रूप से विख्यात है, साथ ही ज़ारी का भी काम भी बहुत बड़े पैमाने पर होता है, जिसका निर्यात देश के विभिन्न भागों में किया जाता है। यहां गुजराती समाज के अलावा राजस्थानी, पंजाबी, उड़ीसा, यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश आदि क्षेत्रों के लोग व्यापार व रोजगार के लिए बसे हैं, सभी के बीच आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है। यहां का सामाजिक माहौल अन्य शहरों की तुलना में बहुत ही उत्तम है यहां की संस्कृति की बात की जाए तो सभी लोग अपनी संस्कृति को संजोए हुए हैं। सभी अपने पर्वों को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। खानपान की दृष्टि से भी यह क्षेत्र बहुत ही उत्तम है, इसीलिए यहां होटल व्यवसाय भी बहुत बढ़ गए हैं। पर्यटन स्थल की बात की जाए तो दुम्मस बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अंबाजी का मंदिर, स्वामीनारायण जी का मंदिर, राधा कृष्णा जी का मंदिर प्रसिद्ध है। यहां हर समाज की अपनी सामाजिक संस्थाएं हैं, माहेश्वरी समाज की संख्या यहां लगभग सात हजार के करीब है जिनके द्वारा यहां दो माहेश्वरी भवन व विद्यालय बनाए गए हैं, साथ ही माहेश्वरी समाज की कई संस्थाएं कार्यरत हैं, ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि इससे अच्छी और कोई बात हो ही नहीं सकती की अपने देश की पहचान एक ही नाम से रहे 'भारत'।

बृजमोहन जी मूलतः राजस्थान स्थित अजमेर जिले के पास 'राजगढ़' के निवासी हैं। आपका जन्म व शिक्षा 'राजगढ़' में ही संपन्न हुई है। पिछले ४० वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हैं और कपड़े व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही आप माहेश्वरी समाज के विभिन्न संस्थाओं में भी सक्रिय हैं। जय भारत!

भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाना चाहिए

हिंदी को जन साधारण की भाषा बनाना है, विदेशी भाषा से हनन को बचाना है-बिजय कुमार जैन



अनिल अग्रवाल

व्यवसायी व समाजसेवी

दिल्ली निवासी-सूरत प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८२५११२१६६

अनिल जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं के संदर्भ में कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में कई परिवर्तन आए हैं और यही परिवर्तन 'सूरत' को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। यह सबसे तेजी से प्रगति करने वाला शहर बन चुका है। यहां के लोग नई-नई तकनीक को अपनाने में विश्वास करते हैं, इसीलिए समय-समय पर टेक्सटाइल उद्योग में नए-नए मशीनरी लग रहे हैं। यहां से निर्मित कपड़े देश ही नहीं विदेशों में भी निर्यात किए जाते हैं। यहां डायमंड उद्योग का भी वर्चस्व बढ़ा है, जिनमें गुजराती समाज के लोग सबसे अधिक सक्रिय हैं। भारत के सभी क्षेत्र व राज्यों से लोग यहां बसे हुए हैं। यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही सौहार्दपूर्ण है, लोग एक दूसरे के साथ मिलकर रहते हैं और एक-दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। यहां की संस्कृति भी बहुत ही उत्तम है, हर धर्म और समाज के लोग अपने त्योहारों को बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं, जिसमें अन्य समाज के लोग भी सहभागी होते हैं। खान-पान के बारे में तो 'सूरत' विशेष महत्व रखता है, यहां के लोग खाने-पीने के बड़े शौकीन हैं। घूमने-फिरने की बात की जाए तो यहां का दुम्मस बीच विशेष महत्व रखता है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर भी बहुत तेजी से बढ़ा है। यहां कई फ्लाईओवर बने हैं, इसीलिए सूरत को 'फ्लाईओवर सिटी' के नाम से भी जाना जाता है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो 'भारत' से ही रहनी चाहिए। यही हमारे देश का वास्तविक नाम है।

अनिल जी मूलतः दिल्ली के निवासी हैं और पिछले ३५ वर्षों से 'सूरत' में बसे हुए हैं। यहां आप टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, आप सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। अग्रवाल समाज के विभिन्न संस्थाओं में सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। जय भारत!

भरत भूतड़ा

व्यवसायी व समाजसेवी

बाड़मेर निवासी-सूरत प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ९८२५११९९९१

भरत जी अपने कर्मभूमि 'सूरत' की प्रसिद्धि का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि मैंने पूरे भारत के प्रसिद्ध शहरों का भ्रमण किया है पर 'सूरत' जैसा शहर अन्यत्र कहीं नहीं है, यहां सुकून, शांत और अपनत्व की भावना है वह भारत के किसी शहर में नहीं दिखाई देता। यहां के लोगों का धार्मिक और सामाजिक व्यवहार बहुत ही उत्तम है। यहां के लोग बड़े ही विश्वासु व भोले हैं, एक छोटे से कागज के टुकड़े पर करोड़ों का व्यापार कर लेते हैं। हमारा समाज माहेश्वरी समाज कहलाता है। हमारे समाज के यहां लगभग ३००० परिवार हैं, जिनमें ९५% लोग टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं। सूरत में हर प्रांत के लोग व समाज के लोग बसे हैं, सभी के बीच आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है, एक दूसरे के सहयोग के लिए सदैव अग्रसर रहते हैं। यहां का खानपान बहुत ही उत्तम है, यहां के लोग खाने-पीने के शौकीन हैं। हमारे यहां एक कहावत है 'काशीनो मरण सूरत नो जमण'। यहां का वातावरण भी बहुत सुंदर है। ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' में...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो एक से ही होनी चाहिए 'भारत' से, इसका प्रचार-प्रसार अधिक होना चाहिए, तभी लोगों में इसके प्रति जागृति आएगी।

भरत जी मूलतः राजस्थान स्थित 'बाड़मेर' के निवासी हैं। आपका जन्म जोधपुर में व संपूर्ण शिक्षा 'बाड़मेर' में संपन्न हुई है। आजादी के पूर्व आपका परिवार पाकिस्तान का निवासी था। आजादी के पश्चात आपका परिवार 'बाड़मेर' आकर बस गया, कुछ वर्षों तक आप बाड़मेर में मिलिट्री सप्लाई व्यवसाय से जुड़े रहे, तत्पश्चात १९७६ में 'सूरत' आकर बसे और यहां बिल्डर के रूप में अपनी पहचान बनाई। पिछले १० वर्षों से आप पूर्णतः समाज सेवा से जुड़े हैं। सूरत माहेश्वरी बांधकाम समिति के सदस्य रहे हैं, अन्य कई संस्थाओं से भी जुड़े हुए है। जय भारत!

कैलाश बिरला

व्यवसायी व समाजसेवी

फलौदी निवासी-सूरत प्रवासी

भ्रमणध्वनि: ८९८०२४८११३

कैलाश जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं के संदर्भ में कहते हैं कि पहले के मुकाबले आज का सूरत सौ गुना बढ़ गया है, आज यह सबसे स्वच्छ सुंदर शहर के रूप में जाना जाता है। यहां का कपड़ा व डायमंड मार्केट विशेष रूप से उल्लेखनीय है, विशेषकर कपड़ा उद्योग में कुर्तियों के निर्माण बड़े पैमाने पर होता है, जिसका निर्यात देश-विदेश में भी किया जाता है। यहां लूम्स के कारखाने भी सबसे अधिक हैं, उद्योग व्यापार जिस तरह बढ़े हैं, उसी तरह यहां के लोगों का जीवन स्तर भी बदल गया है। यहां सभी राज्यों के लोग उद्योग व्यापार व रोजगार नियमित बसे हुए हैं, सभी के बीच आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है, यहां हर धर्म और समाज की संस्कृति देखने को मिलती है। सभी पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। सूरत में शुद्ध शाकाहारी भोजन करने वालों की संख्या सबसे अधिक है, सुरती खाना हर किसी को पसंद आता है, इसीलिए सूरत में आज होटल **शेष पृष्ठ ३३ पर...**

पृष्ठ ३२ से ... व्यवसाय भी सबसे अधिक बढ़ गए हैं। यहां के प्रसिद्ध स्थलों में दुम्मस व उबराठ बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है, साथ ही यहां कई मंदिर व गार्डन है जो सूरत को और खूबसूरत बनाते हैं, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि यह तो होना ही चाहिए कि अपने देश की पहचान एक ही नाम से रहे 'भारत', हमारे देश का प्राचीन और ऐतिहासिक नाम 'भारत' ही है इसीलिए यही नाम हमारी पहचान रहनी चाहिए।

कैलाश जी मूलत: राजस्थान स्थित जोधपुर के 'फलोदी' के निवासी हैं। आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा 'फलौदी' में ही संपन्न हुई है। पिछले २५ वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हैं और कपड़ा व्यापार से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। माहेश्वरी समाज सिटी लाईट के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

बीना अग्रवाल
अध्यक्ष भिक्षम सूरत
भिवानी निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९९७४७०७८५९

बीना जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहती हैं कि 'सूरत' के बारे में जितना कहा जाए उतना कम है, यहां की हर बातों में विशेषताएं हैं। मुंबई से ज्यादा मुझे 'सूरत' भा गया है, इसीलिए यहां से छोड़कर अन्य कहीं नहीं जाना है। पिछले ३४ सालों में सूरत ० से १०० प्रतिशत तक उन्नति कर चुका है। पहले यहां कुछ भी नहीं था, लोगों का जीवन स्तर भी निम्न था, गंदगी का वास रहता था, पर आज सूरत सबसे स्वच्छ शहर के रूप में पूरे भारत में जाना जाता है। दिन प्रतिदिन यहां की प्रगति होती जा रही है। लोगों के रहन-सहन का स्तर ऊंचा उठता जा रहा है और आज यह सबसे तेजी से प्रगति करने वाला शहर बन गया है। सूरत एक खूबसूरत शहर है साथ ही यहां के लोग भी कर्म व मन से सुंदर हैं। किसी से किसी का कोई भेदभाव नहीं, मनमुटाव नहीं, हर समाज व धर्म के लोग आपसी प्रेम व्यवहार के साथ निवास करते हैं। सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह बहुत ही उत्तम क्षेत्र है। यहां कई देवी-देवताओं के मंदिर हैं, विशेषकर अंबाजी का मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है, साथ ही श्याम बाबा जी का मंदिर भी प्रसिद्ध है जो लोगों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की..

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम केवल 'भारत' ही रहना चाहिए, इससे उत्तम नाम और हो ही नहीं सकता और यह नाम प्राचीन काल से चला आ रहा है, यही नाम हमारी पहचान से जुड़ा हुआ है।

बीना जी मूलतः राजस्थान स्थित 'चुरू' की निवासी हैं, जो आपका पीहर पक्ष है। आपका जन्म बर्मा में व संपूर्ण शिक्षा मुंबई में संपन्न हुई है। पिछले ३४ वर्षों से विवाह पश्चात सूरत में बसी हुई है, आप का ससुराल पक्ष हरियाणा के भिवानी का निवासी है। आपके पति स्व. अनिल जी सूरत अग्रवाल समाज के एक प्रतिष्ठित उद्योगपति व समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे, जिनका यहां सूरत में कपड़ों का व्यवसाय था जो आज आपके दोनों पुत्र संभाल रहे हैं। आप कई सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय हैं। अग्रसेन भवन व अग्रवाल समाज की आजीवन सदस्या हैं। जय भारत!

प्रदीप जाखोटिया
व्यवसायी व समाजसेवी
रेणवाल निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७७५५४७३२

प्रदीप जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में सब कुछ बदल गया है, हर क्षेत्र में परिवर्तन आया है। आज हमारा 'सूरत' स्वच्छता की दृष्टि में भारत का दूसरे नंबर का प्रमुख शहर बन चुका है, इसके अलावा यहां टेक्सटाइल और डायमंड इंडस्ट्रीज का भी बहुत तेजी से विकास हुआ है, इससे संबंधित सारे उद्योग व्यापार भी बढ़े हैं, साथ ही यहां ज़री का भी उद्योग बड़े पैमाने पर होता है जिसका निर्यात देश के विभिन्न भागों में होता है। यहां टेक्सटाइल उद्योग में अधिकतर राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के लोग हैं साथ ही यू.पी. बिहार, उड़ीसा के लोग भी रोजगार के लिए बड़े पैमाने पर बसे हुए हैं। डायमंड क्षेत्र में गुजरातियों का वर्चस्व सबसे अधिक है, सभी क्षेत्र के लोग बसे होने के बावजूद यहां का सामाजिक व धार्मिक वातावरण बहुत ही उत्तम है। यहां के लोग सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर सहभागी होते हैं, यहां खाटू श्याम जी का भव्य मंदिर बना हुआ है, हर ग्यारस को निशान यात्रा निकाली जाती है। माता जी का जागरण किया जाता है। सूरत जैसा खान-पान शायद ही भारत में कहीं मिलता हो, यहां हर प्रकार के भोजन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। यहां के प्रसिद्ध स्थलों में दुम्मस बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो 'भारत' से ही रहनी चाहिए और इसके लिए हमें अपनी राजभाषा (राष्ट्रभाषा) 'हिंदी' को बढ़ावा देना चाहिए और इसी पहल के रूप में मध्य प्रदेश में पहला हिंदी विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था, यह एक अच्छी मुहिम है अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए।

प्रदीप जी मूलतः राजस्थान स्थित किशनगढ़ के 'रेणवाल' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। पिछले कई वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही माहेश्वरी समाज की कई संस्था में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भागीदारी निभा रहे है। जय भारत!

हमारे देश की पहचान है हिंदी और हमारा अभिमान है हिंदी-बिजय कुमार जैन

विनोद कानोडिया
सचिव खाटू श्याम मंदिर सूरत
सूरजगढ़ निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२५१३९६२५

विनोद जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के सूरत का बहुत कुछ परिवर्तित हो चुका है। पहले सूरत एक छोटा शहर हुआ करता था, आज इसका विस्तार ८ से १० गुना बढ़ गया है। यहां की जनसंख्या भी पहले की तुलना में बहुत अधिक बढ़ गई है। रियल स्टेट, टेक्सटाईल मार्केट और डायमंड मार्केट में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। पहले यहां मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग नहीं थी, आज हजार से अधिक मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग व कॉम्प्लेक्स बन चुके हैं। रिंग रोड में गिने-चुने मार्केट ही हुआ करते थे, आज ५०० से भी अधिक मार्केट हैं। यहां रोजगार व व्यापार के लिए आने वाले हर प्रवासियों ने अपनी कर्मभूमि को प्रधानता दी है। अपने व्यवसाय के साथ-साथ कर्मभूमि के विकास के लिए भी अपनी अहम भूमिका निभाई है। यहां हर धर्म समाज के लोग बसे हैं और सभी के भवन, स्कूल, हॉस्पिटल व सामाजिक संस्थाएं भी कार्यरत हैं। अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, ब्राह्मण, जाट सभी की सामाजिक संस्थाएं कार्यरत हैं। अग्रवाल समाज के २ विद्यालय हैं, ३ भवन, एक हॉस्पिटल है और एक हॉस्पिटल बनने जा रहा है जो आने वाले दो-तीन सालों में पूरी तरह से बन जाएगा। यहां सभी धर्म समाज के लोग बसे होने के कारण इसे मिनी भारत भी कहा जाता है, यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही उत्तम है। हमेशा ही शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहता है। सभी एक दूसरे के व्यापारिक व सामाजिक सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। यहां कई प्रमुख मंदिर देवस्थान है जो लोगों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है जहां लोग जाना पसंद करते हैं। साथ ही मनोरंजन के लिए भी यहां कई साधन हैं। यहां के लोग खाने-पीने के ज्यादा शौकीन है, इसीलिए यहां हर प्रकार के भोजन मिलते हैं ऐसे ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो 'भारत' नाम से ही होनी चाहिए, क्योंकि 'भारत' नाम में हमारे देश का गौरवशाली इतिहास है।

विनोद जी मूलतः राजस्थान स्थित झुंझुनू जिले के 'सूरजगढ़' के निवासी हैं, आपका जन्म व प्रारंभिक शिक्षा सूरजगढ़ में, तत्पश्चात उच्च शिक्षा पिलानी में सम्पन्न हुई है। पिछले ४२ वर्षों से 'सूरत' में बसे हुए हैं। यहां आप टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। अग्रवाल समाज के विभिन्न संस्थाओं में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में और खाटू श्याम जी मंदिर सूरत के सचिव के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

राम अवतार झंवर
सचिव सूरज जिला माहेश्वरी सभा
नागौर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२४१६४१०७

रामअवतार जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' की पहचान टेक्सटाइल नगरी के रूप में है, यहां से निर्मित कपड़े देश ही नहीं विदेशों में भी निर्यात किए जाते हैं। देश भर से व्यापारी कपड़ों के आयात-निर्यात के लिए 'सूरत' आते हैं। दूसरा यह डायमंड सिटी है यहां डायमंड का बहुत बड़ा कारोबार होता है। 'सूरत' अपने आप में ही 'मिनी भारत' कहा जाता है क्योंकि यहां हर प्रदेश के छोटे-छोटे गांव के लोग भी यहां निवास कर रहे हैं, भारत के उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम के लोग यहां बसे हुए हैं। 'सूरत' में सभी तरह का विकास हुआ है। यहां हर व्यक्ति को अपने हुनर और काबिलियत के बल पर रोजगार अवश्य मिलता है, बस उसके अंदर मेहनत व कुछ कर गुजरने की लगन होनी चाहिए। यहां सभी धर्म और समाज के लोग बसे होने के बावजूद यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही सौम्य व सौहार्दपूर्ण है, लोग एक दूसरे से मेल मिलाप और प्रेम भाव रखते हैं। सभी अपनी-अपनी संस्कृति व त्योहारों को बड़े हर्षोल्लास से मनाते हैं साथ ही हर धर्म और समाज का सहयोग रहता है। 'महेश नवमी' के अवसर पर सिटी लाईट व पर्वत पाटिया में शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें ४ से ५ हजार की संख्या में लोगों की उपस्थित रहती है। यहां माहेश्वरी समाज के लगभग ८५०० परिवार बसे हुए है, जिनके द्वारा २ माहेश्वरी भवन, दो विद्यालय बनाए गए हैं, साथ ही अन्य कई संस्थाएं भी कार्यरत हैं। पर्यटन की बात की जाए तो यहां का दुम्मस और उबराठ बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जहां लोग जाना पसंद करते हैं, साथ ही फ्लावर गार्डन, प्राणी संग्रहालय, मछली घर जैसे कई प्रमुख संस्थान हैं, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि बिल्कुल अपने देश का नाम तो 'भारत' ही रहाना चाहिए, इंडिया तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया नाम है। अंग्रेज चले गए तो हम उनके दिए हुए नाम INDIA को क्यों अपनाये हमारे देश का नाम तो 'भारत' है और 'भारत' ही रहना चाहिए।

रामअवतार जी मूलतः राजस्थान स्थित नागौर जिले के पास 'रियाबड़ी' के निवासी हैं, पिछले ३० वर्षों से 'सूरत' में बसे हुए हैं। यहां आप कपड़ा ब्रोकरेज के व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। माहेश्वरी समाज की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े हैं, सूरत जिला माहेश्वरी सभा के सचिव के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

हर भारतीयों का है आव्हान
भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाए

मनोहरलाल तोषनीवाल
व्यवसायी व समाजसेवी
मारोठ निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७४७१६७४०

मनोहर जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' के विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले और आज के 'सूरत' में रात-दिन का अंतर आ चुका है। आज के 'सूरत' को कोई पहचान ही नहीं सकता कि क्या यह पहले वाला ही 'सूरत' है। पहले यहां सड़कें नहीं थी, ना सफाई थी, पर आज यह फ्लाईओवरों का शहर कहा जाता है। सफाई की दृष्टि में यह 'भारत' के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर में जाना जाता है। आज यहां मल्टीनेशनल बिल्डिंग बन चुकी हैं। मेडिकल व अन्य मूलभूत सुविधाएं यहां के महानगरपालिका द्वारा व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराई जाती है, यहां की महानगरपालिका 'सूरत' के विकास में विशेष भूमिका निभाती है। यहां उद्योग व व्यवसाय क्षेत्र में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा के लोग विशेष रूप से कार्यरत हैं। शिक्षा की दृष्टिकोण से भी 'सूरत' विशेष स्थान रखता है। यहां कई स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थान बने हुए हैं। प्रगति की दृष्टि से 'सूरत' आज सबसे तेज शहर के रूप में जाना जाता है। यहां रह रहे धर्म-समाज के लोग हर पर्व बड़े हर्षोल्लास से मानते हैं। यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही शांतिप्रिय है। घूमने-फिरने के लिए भी 'सूरत' बहुत ही उत्तम स्थान है। यहां माहेश्वरी समाज की कई संस्थाएं कार्यरत हैं, विभिन्न समाज की भी संस्थाएं सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में अग्रसर हैं। ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' विषय पर आपका कहना है की इससे अच्छी बात और कोई हो ही नहीं सकती की अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' नाम से ही रहे।

मनोहर जी मूलतः राजस्थान स्थित नागौर जिले के 'मारोठ' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा कोलकाता में संपन्न हुई है। पिछले कई वर्षों से आप सूरत में बसे हुए हैं और गारमेंट व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही माहेश्वरी समाज की कई संस्थाओं में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते हैं। जय भारत!

अनिल कुमार जैन
व्यवसायी व समाजसेवी
जलगांव निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९८२५४७७२२१

अनिल जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' को सबसे तेजी से प्रगति करने वाला शहर कहा जाता है, इसे सबसे समृद्ध शहर कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, यहां की सरकार भी सूरत के विकास का विशेष ध्यान रखती है और यहां के लोग अपने दायित्वों का भी निर्वाह करने से पीछे नहीं हटते, चाहे वह टैक्स हो या कोई अन्य कार्य। सूरत सिल्क और डायमंड सिटी के नाम से जाना जाता है और आज इससे ही जुड़े लघु उद्योग बड़े पैमाने पर स्थापित हो रहे हैं। नई-नई मशीनरी का उपयोग किया जाने लगा है। यहां की प्राचीन पहचान ज़रीवर्क है जो सुरती लोगों का मुख्य काम हुआ करता था, जो यहां के घर-घर में चलता है, जिसमें से मात्र १० से १५ प्रतिशत ज़रिवर्क उद्योग शेष है। डायमंड के क्षेत्र में यहां के मूल काठियावाड़ी पटेल का विशेष प्रभुत्व है व टेक्सटाइल क्षेत्र में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब के लोगों का प्रभुत्व है। यहां सभी धर्म समाज के लोग बसे हुए हैं इसके बावजूद यहां का सामाजिक वातावरण बहुत ही सुंदर है। यहां के लोग खान-पान के शौकीन हैं। १ किलोमीटर के दायरे के अंदर ही सस्ता व अच्छा भोजन व नाश्ता आपको आसानी से मिल जाएगा। यहां के लोगों को खाने का बहुत क्रेज़ है यहां सभी अपनी संस्कृति व संस्कारों को संजोय हुए हैं। गरबा, नवरात्रि, गणेश चतुर्थी, शिव जयंती, होली-दिवाली चाहे कोई भी त्योहार हों सभी बड़े हर्षोल्लास से मनाए जाते हैं। ऐसी ही अनेक विशेषताएं है हमारे सूरत की...

अनिल जी मूलतः महाराष्ट्र के जलगांव जिले में स्थित जामनेर के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। पिछले ३५ वर्षों से आप सूरत में बसे हैं और टेक्सटाइल कंपनी के डिजाइनर सेक्शन के हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट है, साथ ही आप कई सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं।

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि यकीनन अपने देश का नाम 'भारत' से ही रहना चाहिए। इंडिया तो अंग्रेजों द्वारा थोपा गया नाम है और यही हमारे देश की वास्तविक पहचान है। जय भारत!

सुनील जैन
व्यवसायी व समाजसेवी
दिल्ली निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७४७२२६०९

सुनील जी अपने कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख कहते हुए कहते हैं कि आज हमारा 'सूरत' देश ही नहीं विदेशों में भी पहचाना जा रहा है, इसकी यह पहचान टेक्सटाइल और डायमंड इंडस्ट्रीज के कारण है, साथ ही सूरत का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। पहले यहां की सड़कें छोटी हुआ करती थीं, छोटे-छोटे संकुचित क्षेत्र थे पर आज सड़कें चौड़ी, मॉल, मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग्स बन गए हैं। रियल एस्टेट का कारोबार भी बहुत तेजी से बढ़ा है। यहां डायमंड क्षेत्र में काठियावाड़ी गुजराती लोगों का वर्चस्व अधिक है। शिक्षा व अन्य सुविधाओं की बात की जाए तो बहुत ही उत्तम है, यहां प्रवासियों द्वारा भी कई शैक्षणिक संस्था बनाई गई है, चिकित्सा के क्षेत्र में भी बहुत उत्तम शेष पृष्ठ ३६ पर...

कोई भी राजनीतिक कारण कितने ही प्रबल क्यों न हों, 'हिन्दी' भाषा के इस उत्थान में आड़े आने नहीं देना चाहिए - बिजय कुमार जैन

पृष्ठ ३५ से ... विकास हुआ है। यहां हर समाज व संस्कृति के लोग बसे हैं सभी द्वारा अपने पर्व बड़े उत्साह पूर्वक व मिलजुल कर मनाए जाते हैं। यहां का खान-पान भी बहुत ही प्रसिद्ध है। ऐसी अनेक विशेषताएं और भी हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि बिल्कुल अपने देश का नाम तो एक ही रहना चाहिए चाहे भाषा कोई भी हो और वह है 'भारत'।

सुनील जी मूलतः राजस्थान के निवासी है। आपका परिवार कई वर्षों से दिल्ली में बसा हुआ है। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा दिल्ली में ही संपन्न हुई है। पिछले १५-२० सालों से आप सूरत में बसे हुए हैं और कपड़ों के व्यवसाय से जुड़े हैं, साथ ही सूरत स्थित दिगम्बर समाज की संस्थाओं से भी जुड़े हैं। जय भारत!

विनोद बजाज
व्यवसायी व समाजसेवी
सीकर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९३७७०४०८०७

विनोद जी अपने कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि हमारा 'सूरत' हर दृष्टिकोण से उत्तम है चाहे वह आर्थिक हो या सामाजिक या हो राजनीतिक, सभी क्षेत्र में 'सूरत' ने अपनी विशेष छाप छोड़ी है। यहां के लोगों के बीच व्यावसायिक व सामाजिक वातावरण बहुत ही उत्तम है। यहां के डायमंड इंडस्ट्रीज में गुजराती समुदाय का वर्चस्व अधिक है, टेक्सटाइल क्षेत्र में राजस्थानी समाज ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। यहां के लोग एक दूसरे पर पूर्ण विश्वास करते हैं, साथ ही यहां के विकास में प्रवासियों ने भी अपना विशेष योगदान दिया है, यहां प्रवासियों द्वारा बड़े-बड़े स्कूल, शिक्षण संस्थान, अस्पताल, सामाजिक भवन, धार्मिक संस्थाएं बनाई गई हैं। यहां की प्रमुख देवी अंबाजी का मंदिर विशेष उल्लेखनीय जो श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है साथ ही सूरतवासी खाटू श्याम जी के परम भक्त हैं इसीलिए हर रविवार को यहां हर समाज के लोग कीर्तन का आयोजन करते हैं, जिसमें भारी संख्या में लोगों की उपस्थिती रहती हैं। यहां के लोग बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति के हैं, पर्यटन की बात की जाए तो धीरे-धीरे यहां पर्यटन का भी विकास हो रहा है, यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल में 'दुम्मस' बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' इस संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि अवश्य ही अपने देश की पहचान तो एक नाम से 'भारत' से ही रहनी चाहिए क्योंकि यही हमारे देश का ऐतिहासिक नाम है जो सदियों से चला आ रहा है तो हम अपनी पहचान क्यों बदले, हमारी पहचान 'भारत' है और 'भारत' से ही रहनी चाहिए।

विनोद जी मूलतः राजस्थान स्थित 'सीकर' जिले के निवासी हैं, आपका जन्म व संपूर्ण शिक्षा यहीं संपन्न हुई है। पिछले २०-२२ वर्षों से आप सूरत में बसे हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही सूरत अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं में ट्रस्टी के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। जय भारत!

बंसीलाल देवपुरा
व्यवसायी व समाजसेवी
भीलवाड़ा निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनि: ९०१६५११०९०

बंसीलाल जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' के विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि पहले के मुकाबले आज का 'सूरत' बदल चुका है, यहां का विकास १०० गुना हुआ है, पहले 'सूरत' सीमित क्षेत्र तक ही फैला हुआ था पर आज इसका विस्तार सभी दिशाओं में हुआ है, पहले यहां की जनसंख्या मात्र ३ लाख के करीब थी, आज इसकी आबादी ५५ लाख से भी अधिक हो गई है। टेक्सटाइल उद्योग तो पहले से ही था, गली-कुचों में मार्केट लगता था, आज यहां कई बड़े-बड़े मॉल बन चुके हैं। सूरत का सबसे पहला 'सूरत टेक्सटाइल मार्केट' १९७० में स्थापित हुआ था, धीरे-धीरे यहां मार्केट बढ़ गया और आज यहां १०० से भी अधिक मार्केट है। डायमंड उद्योग भी बड़े पैमाने पर विकसित हुआ है, आज यहां हीरा व्यापारी के बड़े-बड़े ऑफिसेज बन चुके हैं। यहां डायमंड बुर्स का भी निर्माण किए जाते हैं, सूरत में ब्रास के नल का निर्माण होता है। जो उच्च कोटि के होते हैं, जिसका निर्यात देश के विभिन्न भागों में किया जाता है। सूरत के हाजिरा क्षेत्र में कई भारी उद्योगों के प्लांट लगे है जिनमें ओएनजीसी, इंडियन ऑयल, रिलायंस इंडस्ट्रिज, कृभको, एनटीपीसी, एस्सार स्टील, लार्सन एंड टूग्रो प्रमुख है। यहां व्यापार-उद्योग व रोजगार हेतु राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा के लोग बसे हुए हैं, सभी राज्यों के लोग बसे होने के बावजूद यहां का वातावरण बहुत ही शांतिपूर्ण व मेल-मिलाप वाला है, लोग एक दूसरे के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं, यहां की संस्कृति और खानपान भी निराला है। पर्यटन की बात की जाए तो यहां का दुम्मस बीच, सुवाली बीच, उबराठ दरिया का किनारा विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में सिद्धनाथ भगवान (शिव का मंदिर), चार रास्ता पर स्थित दादा भगवान जी का मंदिर विशेष रूप से उल्लेखनीय है, ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही रहना चाहिए यह भूमि भरत की है, अतः इसकी पहचान सिर्फ भारत नाम से ही होनी चाहिए।

बंसीलाल जी मूलतः राजस्थान स्थित भीलवाड़ा के पास 'गोरख्या' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा यही संपन्न हुई है। १९६६ से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं, किराना होलसेल के व्यवसाय से जुड़े हैं। आपके पुत्र अपने अपने कार्य क्षेत्र में सक्रिय हैं, माहेश्वरी समाज से जुड़े हुए हैं। जय भारत!

देश की शान, हिंदी है महान-बिजय कुमार जैन

कन्हैया लाल कल
उपाध्यक्ष मंगोब सानिया माहेश्वरी सभा सूरत
चित्तौड़गढ़ निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९८२५८९६९५५

कन्हैयालाल जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं के बारे में कहते हैं कि पिछले कुछ सालों में 'सूरत' बहुत ही परिवर्तित हो चुका है। आज हमारा 'सूरत' सबसे साफ-सुथरा स्वच्छ शहर के रूप में जाना जाता है और यह प्लेग की महामारी के बाद ही संभव हुआ है, जिससे लोगों में जागृति आई है, तब से हमारा 'सूरत' एक स्वच्छ शहर के रूप में परिवर्तित होने लगा है 'सूरत' आज भारत के प्रमुख शहरों में से एक है, यहां कपड़ा व डायमंड उद्योग बड़े पैमाने पर होता है और इन्हीं से जुड़े अन्य कारोबार भी यहां प्रगति पर है। राजस्थान समाज के लोगों की यहां कपड़ों की दुकान है तथा कपड़ा फैक्ट्री में सौराष्ट्र वासियों के लोग सबसे अधिक हैं, इन फैक्ट्रियों में काम करने वाले उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा के लोग अधिक सक्रिय हैं। डायमंड क्षेत्र में सौराष्ट्र के लोगों का वर्चस्व अधिक है। भारत के सभी क्षेत्रों के लोग यहां बसे हैं, यहां मिली-जुली संस्कृति का बोलबाला है, सभी अपने पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, चाहे वह किसी भी धर्म समाज का हो, सभी के बीच आपसी भाईचारा बहुत ही उत्तम है। यहां के लोग धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को भी महत्व प्रदान करते हैं, इसीलिए यहां कई सामाजिक संस्थाएं, समाज सेवा हेतु सक्रिय हैं। खानपान की तो बात ही यहां की निराली है। माहेश्वरी समाज की यहां कई संस्थाएं कार्यरत है जिनमें दो सभा भवन, दो विद्यालय सक्रिय हैं ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही रहाना चाहिए, यही हमारे देश का ऐतिहासिक नाम है।

कन्हैयालाल जी मूलतः राजस्थान स्थित 'चित्तौड़गढ़' के निवासी हैं। आपका जन्म और संपूर्ण शिक्षा 'चित्तौड़गढ़' में ही संपन्न हुई है। लगभग ३० सालों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और मोटर बैटरी और इन्वेटर व्यवसाय में सक्रिय हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर शामील होते हैं। मंगोब सानिया माहेश्वरी सभा सूरत के उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। वर्तमान में मेवाड माहेश्वरी समाज के सह संगठन मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। माहेश्वरी सत्संग समिति से भी जुड़े हैं। जय भारत!

राजीव जैन
अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन खण्डेलवाल समाज, सूरत
हाथरस निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९३७४७२१६१९

राजीव जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' में बहुत ही ज्यादा परिवर्तन और विकास हुए हैं। पहले यह एक छोटा सा शहर था और गंदगी का वास रहता था, पर आज इसका क्षेत्र पूरी तरह से फैल चुका है। यहां के बाजार बढ़ चुके हैं और साफ-सफाई की दृष्टि में यह भारत के प्रमुख शहरों में से एक है। आज हमारा सूरत एक महानगर बन चुका है। लंबी-लंबी सड़कें व कई फ्लाईओवर बन चुके हैं। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी बहुत तेजी से विकास हुआ है। पहले दो गाड़ियां आमने-सामने हो जाए तो निकलना मुश्किल हो जाता था, पर आज यही रास्ता चार या छह लेन से कम नहीं है। रिंग रोड मार्केट भी बहुत बड़ा बन चुका है यहां बी आर टी एस बस के लिए भी अलग रास्ते बने हैं। बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स बन चुकी हैं। लोगों के रहन-सहन का स्तर भी ऊंचा उठा है। उद्योग जगत की बात की जाए तो डायमंड और कपड़ा उद्योग तो 'सूरत' में हमेशा से ही रहा है और आज इसका विकास बहुत तेजी से हुआ है। यहां नई-नई तकनीकों का उपयोग किया जाता है, जिससे दिन-प्रतिदिन विकास बढ़ रहा है। 'सूरत' में भारत के सभी क्षेत्रों के लोग बसे हैं, इसीलिए यहां का सामाजिक वातावरण भी बहुत ही सौहार्दपूर्ण व मिलनसार है। लोग एक-दूसरे के साथ भाई-चारे के साथ निवास करते हैं, क्योंकि सभी व्यापार व रोजगार से जुड़े हैं। यहां की संस्कृति ही निराली है, हर धर्म और समाज के लोग यहां नजर आते हैं। यहां के खानपान की बात की जाए तो 'सूरत नो जमण काशीनो मरण' यह कहावत यहां की प्रसिद्ध है। यहां हर प्रकार की वैरायटी के भोजन उपलब्ध हो जाते हैं, यहां स्ट्रीट फूड चलन अधिक है, रविवार के दिन लोग घर में खाना नहीं बनाते, साथ यहां के लोग खाने के भी बड़े शौकीन होते हैं। यहां के प्रमुख स्थलों में अंबाजी का मंदिर, चौक बाजार का पुराना किला, दुम्मस बीच विशेष रूप से उल्लेखनीय है, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है, कि अवश्य ही अपने देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही होना चाहिए, हमारे आचार्य श्री विद्यासागर जी ने भी इसका आव्हान किया है कि इंडिया नहीं 'भारत' बोलो क्योंकि इंडिया शब्द का कोई अर्थ नहीं होता। भारत ही हमारे देश का प्राचीन और गौरवान्वित नाम है, अतः अपने देश की पहचान सिर्फ 'भारत' से ही रहानी चाहिए।

राजीव जी मूलतः उत्तर प्रदेश स्थित 'हाथरस' के निवासी हैं जो आपकी जन्मभूमि है, आपकी संपूर्ण शिक्षा दिल्ली में संपन्न हुई है। पिछले ३८ वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े हैं, साथ ही सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर सहभागी होते हैं। 'सूरत' स्थित श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष पद पर सेवारत हैं, अन्य कई संस्थान से भी जुड़े हैं। जय भारत!

यदि बढ़ाना है देश को विकास की ओर, तो दें हिंदी भाषा पर जोर-बिजय कुमार जैन

सागरमल दोशी
व्यवसायी व समाजसेवी
बांसवाड़ा निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९२२८२२२१००

सागरमल जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि 'सूरत' का विकास पिछले कुछ वर्षों में बहुत तेजी से हुआ है, यहां कपड़ा व्यापार तो पहले से ही था और आज इसकी प्रगति और तेजी से बढ़ रही है। यहां डायमंड उद्योग भी बड़े पैमाने पर है, साथ ही बहुत तेजी से बढ़ रहा है, इसीलिए सूरत स्मार्ट सिटी के रूप में जाना जाता है, यहां कपड़ा व डायमंड उद्योग के साथ अन्य सेक्टर का भी विकास हो रहा है, आयटी क्षेत्र का डेवलपमेंट भी हुआ है, पहले यहां की सड़कें बहुत संकरी व छोटी हुआ करती थी। आज लंबी-लंबी व चौड़ी सड़कें बन चुकी हैं। आज मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग भी बन चुकी है, जब मैं यहां आया था तो यहां एक जगह पर लिखा हुआ था 'सूरत का पैसा सूरत में हीं अर्थात सूरत में रोजगार व व्यापार के लिए आने वाले लोग अपनी आमदनी अपने विकास में ही खर्च करते हैं इसीलिए आज यहां जो भी बसा है उनका जीवन स्तर भी ऊंचा हुआ है। औद्योगिक नगरी होने के कारण यहां राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों के लोग भी बसे हुए हैं, यहां का सामाजिक व धार्मिक वातावरण बहुत ही उत्तम है, यहां मिली-जुली संस्कृति दिखाई देती है, हर तरह के भोजन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, ऐसी अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में आपका कहना है कि यह तो होना ही चाहिए पर यह लोगों की विचारों व सोच पर भी निर्भर करता है, हमारे देश का मूल नाम 'भारत' है और 'भारत' ही रहना चाहिए। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के जेष्ठ पूत्र भरत के नाम से इस देश का नाम भारत रखा गया। ऐसी ही अन्य कई उल्लेख मिलते है। इसलिए अपने देश का प्राचीन और ऐतिहासिक नाम भारत ही है।

सागरमलजी मूलतः राजस्थान स्थित बांसवाड़ा के निवासी हैं। आपका जन्म और हायर सेकेंडरी तक की शिक्षा 'बांसवाड़ा' में ही संपन्न हुई है। तत्पश्चात एलएलबी की शिक्षा आपने मध्य प्रदेश के रतलाम से ग्रहण की। चार सालों तक दिल्ली में बसे, तत्पश्चात पिछले २० वर्षों से आप 'सूरत' में बसे हुए हैं और कंप्यूटर व्यवसाय से जुड़े हैं। आपके पुत्र आयटी सेक्टर व वेब डिजाइनर के रूप में कार्यरत हैं। आप सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। सूरत स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के सदस्य हैं। जय भारत!

इंदिरा साबू
अध्यक्ष श्री माहेश्वरी महिला मंडल सूरत
सीकर निवासी-सूरत प्रवासी
भ्रमणध्वनिः ९३७४९६२५४०

इंदिरा जी अपनी कर्मभूमि 'सूरत' की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहती हैं कि 'सूरत' एक बहुत ही सुंदर और स्वच्छ शहर है और इसके विकास में यहां के निवासियों, प्रवासियों व सरकार की अहम भूमिका है। सभी का योगदान सूरत के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण है। सूरत में मेट्रो का भी काम बड़ी तेज गति से चल रहा है जो आने वाले दो-तीन सालों में पूरी तरह से शुरू हो जाएगा। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी बनने जा रहा है क्योंकि यहां डायमंड बुर्स बन रहा है, जो भारत में कहीं नहीं है, इसीलिए देश के साथ-साथ विदेशियों का भी यहां आना जाना होगा, इसलिए सरकार इस दिशा में विशेष प्रयास कर रही है, इसे मिनी सिंगापुर कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि यहां की बसावट, रंग-रोगन, सुविधाएं सिंगापुर की तुलना करता है। यह टेक्सटाइल और डायमंड सिटी के लिए पूरे 'भारत' में विख्यात है, औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां 'भारत' के सभी क्षेत्र से लोग बसे हैं, सभी के बीच आपसी सामंजस्य बहुत ही उत्तम है। आपसी मेल-मिलाप बहुत ही उत्तम है, यहां हर समाज की सामाजिक संस्थाएं कार्यरत हैं, साथ ही इन संस्थाओं में महिला वर्ग की भी कई संस्थाएं कार्यरत हैं। महिलाओं द्वारा अपनी संस्कृति व संस्कारों को मजबूत बनाने के लिए हम-सभी ही तत्पर रहती हैं, साथ ही सामाजिक क्षेत्र व कार्यों में भी यहां की महिलाएं विशेष रूप से कार्यरत हैं। 'सूरत' की सुंदरता की बात की जाए तो यहां वाटर पार्क, दुम्मस बीच जो टूरिस्ट प्लेस बनने जा रहा है, मछली घर, प्राणी संग्रहालय, उद्यान बहुत ही सुंदर बने हुए हैं, जहां लोग जाना पसंद करते हैं, ऐसी ही अनेक विशेषताएं हैं हमारे 'सूरत' की...

'भारत को 'भारत' ही बोला जाए' संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहती हैं कि 'भारत' शब्द अपने आप में परिपूर्ण व समृद्ध है, इसे और किसी नाम की जरूरत नहीं है अतः अपने देश का एक ही नाम होना चाहिए 'भारत', जो हमारी संस्कृति व इतिहास से जुड़ा हुआ है।

इंदिरा जी मूलतः राजस्थान स्थित 'जयपुर' की निवासी हैं। आपका जन्म जयपुर में व संपूर्ण शिक्षा वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान में संपन्न हुई है, जो राजस्थान के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थाओं में से एक है। आपका ससुराल पक्ष सीकर स्थित 'बावड़ी' का निवासी है। १९९० से आप 'सूरत' में बसी हुई हैं और हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में अग्रसर रही हैं। वर्तमान में श्री माहेश्वरी महिला मंडल सूरत के अध्यक्षा पद पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। जय भारत!

भारत को केवल 'भारत' ही बोला जाना चाहिए

पधारो म्हारे देश

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा

मेरा राजस्थान

सम्पादक : विजय कुमार जैन

राजस्थानियों के विचारों के साथ समस्त राजस्थान समाज को एकजुट करने वाली एकमात्र पत्रिका

भारत को 'भारत' ही बोला जाए

राजस्थान का इतिहास पहुँचाए आपके हाथ

मात्र रु. १००/- में, प्रति महिना

सम्पादक

बिजय कुमार जैन

उपसम्पादक
संतोष जैन 'विमल'

कार्यकारी सम्पादक
अनुपमा शर्मा (दाधीच)

पंजीकृत कार्यालय

बी-२१७, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत -४०० ०५९

दूरध्वनि: ०२२-२८५० ९९९९ अणुडाक: mailgaylordgroup@gmail.com

विशेष छूट

विज्ञापन देने पर पूरे साल 'मेरा राजस्थान' पत्रिका मुफ्त

वार्षिक शुल्क १,१११/-
आजीवन शुल्क ११,१११/-

भारतीय भाषा अपनाओ अभियान भारत की बनें राष्ट्रभाषा ये है हमारा आव्हान

नीम लगायें पर्यावरण बचाये

Postal Registration Number - MCN/294/2021-2023
WPP License No. MR/Tech/WPP-354/North/2021-23
Published on 19th December 2022 & Posting on 20th of Every Month
Posted at Marol Bazar Post Office, Mumbai - 400 059.

भारत को 'भारत' ही बोलें इंडिया नहीं

पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा

मैं भारत हूँ

भारतीय सांस्कृतिक, सामाजिक, राष्ट्रीयता, ऐतिहासिक भावना को प्रेषित करती पत्रिका

मैं भारत हूँ फाउंडेशन
भारत को 'भारत' ही बोला जाए
www.mainbharathun.co.in

मात्र रु. १००/- में, प्रति महिना आपके द्वार

भारत का इतिहास पहुँचाए आपके हाथ

विशेष छूट
विज्ञापन देने पर पूरे साल मैं भारत हूँ पत्रिका मुफ्त

पंजीकृत कार्यालय
बी-२१७, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल,
अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत -४०० ०५९.
दूरभाष- ०२२-२८५० ९९९९
अणु डाक: mailgaylordgroup@gmail.com अन्तरताना: www.mainbharathun.co.in

आगे भी हर महिने

सम्पादक
बिजय कुमार जैन

उपसम्पादक
संतोष जैन 'विमल'

कार्यकारी सम्पादक
अनुपमा शर्मा (दाधीच)

भारतीय भाषा अपनाओ अभियान भारत की बनें राष्ट्रभाषा ये है हमारा आव्हान
Remove India Name From the Constitution

नीम लगायें पर्यावरण बचाये
India को भारतीय संविधान से विलुप्त किया जाए

गेलार्ड पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड व संपादक, मुद्रक व प्रकाशक बिजय कुमार जैन, बी-217, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400 059 से मुद्रित करवा कर बी-२१७, हिंद सौराष्ट्र इंडस्ट्रियल इस्टेट, मरोल, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400 059 से प्रकाशित किया गया, टेलीफैक्स-०२२-२८५० ९९९९, अणुडाक-mailgaylordgroup@gmail.com, अन्तरताना - www.mainbharathun.co.in,
द्वारा विनय ग्राफिक्स, युनिट नं 13, रवी इन्ड. को.-ऑप. सोसाइटी लि., 25 महल इन्ड ईस्टेट, महाकाली केव्हज रोड, अंधेरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत-400093 से मुद्रित करवाकर प्रकाशित किया गया।
RNI No. MAHHIN/2010/48574